51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.2°c
अधिकतम 35.5 °c

**अमृतवाणी**
खुशी के लिए बहुत कुछ इकट्ठा करना पड़ता है, ऐसा हम समझते है, किन्तु हकीकत ये है कि खुशी के लिए बहुत कुछ छोड़ना पड़ता है, ऐसा अनुभव कहता है...

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
अपराधी माफिया छवि के लोगों को न मिले किसी भी काम का ठेका : योगी



सूर्योदय : 5:19, सूर्यास्त : 7:16 | वर्ष : 51/ अंक : 154 | सोमवार, 05 जून 2023 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4 | दिक्कत तो होगी.... मगर नामुमकिन नहीं है.......

# नगर पालिका में इस बार न पक्ष होगा न विपक्ष

## निर्वाचित चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नई पहल करते हुए सभासदों के साथ रेस्टोरेंट में की परिचय बैठक



मुजफ्फरनगर, 04 जून (बु.)। शपथ समारोह के आठ दिन बाद निर्वाचित पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने नई पहल करते हुए सभासदों के साथ बैठक कर शहर के विकास के लिए सहयोग मांगा। उनके पति गौरव स्वरूप ने कहा कि इस बार पक्ष और विपक्ष को त्यागकर सभी के साथ मिलकर विकास की नई गाथा लिखेंगे।

नगरपालिका परिषद् मुजफ्फरनगर के निर्वाचित बोर्ड ने 26 मई को शपथ ग्रहण की थी। शहर के विकास का खाका तैयार करने के लिए बोर्ड की बैठक भी प्रस्तावित है। इसी कड़ी में पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और उनके पति भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने सभी सभासदों को साधने की पहल शुरू की है। हालांकि पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के पास पूरा बहुमत नजर आ रहा है, बावजूद इसके पालिकाध्यक्ष ने रविवार को नई मण्डी के एक रेस्टोरेंट में सभासदों को बुलाकर मंथन किया। इस मीटिंग में सभी 55 सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। इस बैठक में वार्ड संख्या 36 से सभासद पारूल मित्तल को छोड़कर अन्य 54 सभासद और उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस बैठक में सर्वप्रथम पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और उनके पति गौरव स्वरूप ने सभी को जीत की बधाई दी और परिचय प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने पालिका बोर्ड को सुचारू रूप से चलाने के साथ ही शहर के विकास में सहयोग मांगा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और उनके पति गौरव स्वरूप ने सभी सभासदों को आश्वस्त किया कि पूरे पांच साल बिना भेदभाव के शहर के हित में जनता के लिए काम किया जायेगा। जनता से पूछकर सभासदों के सम्मान के साथ काम करायेंगे। शहर को सुन्दर और स्वच्छ बनाना ही हमारा लक्ष्य है। इसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उन्होंने सभी सदस्यों का साथ मांगा। उन्होंने कहा कि हमें पक्ष विपक्ष को छोड़कर शहर के विकास के लिए काम करना है। चुनौतियां बड़ी हैं, इन्हें हम मिलकर ही पूर्ण कर सकते हैं, मिलकर चलेंगे तो काम तेजी से होंगे और जनता का कल्याण करने का अवसर हमें मिलेगा। उन्होंने इसके लिए सभी को एक परिवार की भांति ही पालिका से शहर विकास के निकलने वाले प्रस्तावों में योगदान की अपेक्षा की। बैठक में भाजपा सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, योगेश मित्तल, हिमांशु कौशिक, प्रशांत गौतम, महिका गुप्ता, हनी पाल, सभासद पति विकल्प जैन, नदीम खां, बिजेन्द्र पाल, शाहिद आलम, मोहित मलिक, राहुल पंवार, शौकत अंसारी, अन्नू कुरैशी, हकीम इरशाद, अब्दुल सत्तार, सरफराज, उमरदराज, अनुज कुमार, आदिल मलिक, मौ. खालिद, पूजा पाल, अमित पटपटिया, सभासद प्रतिनिधि मशरूर, रविकांत शर्मा, शिवम कुमार मुन्ना, वाजिद मलिक के साथ ही भाजपा नेता शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, विपुल बहेडी, आशु गुप्ता, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## मेरठ के बेगमपुल का नाम होगा भारत माता चौक

**मेरठ, 4 जून (एजेंसी)।** मेरठ की शान बेगमपुल का नाम अब भारत माता चौक होगा। मेयर हरिकांत अहलूवालिया ने यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मेरठ शहर के लोग ही बताएंगे कि शहर का विकास कैसे हो। न्यू ट्रांसपोर्टनगर, बस अड्डा, कैटल कॉलोनी, मल्टीलेवल पार्किंग कहां बनने चाहिए इस पर सुझाव देंगे। इसके लिए सिटी लॉजिस्टिक प्लान (सीएलपी) के लिए 8 जून को कमिश्नर की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। सीएलपी के लिए यूएमटीसी की ओर से ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसमें शहर के अंदर लगने वाले जाम से मुक्ति, सामान कंटेनर डिपो पर पहुंचकर आसानी से वेयरहाउस में पहुंच सके, छोटे वाहनों के द्वारा सामान को फैक्टरियों तक पहुंचाया जा सके, इन सब बिन्दुओं को ध्यान में रखकर ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए बैठक में सामान की लोडिंग, अनलोडिंग के लिए वेयरहाउस कहां बनना उचित होगा, इस पर लोगों के सुझाव लिए जाएंगे। लोगों के सुझाव के आधार पर औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार कर निवेश को बढ़ाने के लिए रास्ते सुगम किए जाएंगे।



# अब एक और महापंचायत में होगा आगे की रणनीति का फैसला

## ▶ पहलवानों के समर्थन में सत्यपाल मलिक , जयंत चौधरी व चंद्रशेखर भी पहुंचे
## ▶ निहंग बाबा ने फौज और शस्त्र के अलावा घोड़े भी पंचायत में लाने को कहा

सोनीपत (हरियाणा), 4 जून (बु.)। पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर संघर्षरत महिला पहलवानों के समर्थन में रविवार को सोनीपत के मुंडलाना गांव के स्टेडियम में महापंचायत हुई। पहलवान साक्षी मलिक, विनेश व बजरंग पूनिया के साथ ही पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, किसान गुरूनाम चढूनी, जयंत चौधरी, विधायक मदन भैया, चंद्रशेखर, बुढ़ाना से विधायक राजपाल बालियान, मीरापुर से विधायक चंदन चौहान, विधायक अनिल कुमार, अजीत राठी पूर्व सांसद राजपाल सैनी, योगराज सिंह पूर्व मंत्री, विनोद प्रमुख बुढ़ाना, डॉ अमित ठाकरान, सुधीर भारती, रामनिवास पाल, हरेंद्र पाल आदि की मौजूदगी में हुई इस पंचायत में सियासी और गैर सियासी नेताओं ने पहलवानों के समर्थन में इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने की बात कही।

इस दौरान मंच से पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि जब हम जनता के बीच में आते हैं, नई ऊर्जा मिलती है। जनता का सहयोग ही हमारी ताकत है। आज हमारी बेटियां टूटी हुई हैं। 28 मई की घटना पर पुनिया ने कहा कि आप लोगों ने आने की कोशिश की लेकिन आप नहीं आ पाए पुलिस ने आपको रोका। अलग-अलग होकर जीत नहीं पाएंगे। सभी संगठनों से अपील है कि एक हो जाएं। हम एक महापंचायत रखेंगे, उसमे बड़ा फैसला करेंगे। तीन-चार दिन में पहलवानों की पंचायत का स्थान व समय आपको बता दिया जाएगा। वहीं किसान नेता गुरूनाम चढूनी और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक भी मंच पर मौजूद रहे। महापंचायत भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की तरफ से आयोजित की गई थी। गांव मुंडलाना में पहलवानों के समर्थन में हुई महापंचायत में प्रदेश के साथ ही पंजाब व उत्तर प्रदेश के किसान संगठन व उनके पदाधिकारी व सदस्य पहुंचे। इसके लिए चार एकड़ में पंडाल लगाया गया। पंचायत में पहलवानों के साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। पंडाल में मंच पर पहलवान साक्षी मलिक, विनेश व बजरंग पूनिया के साथ ही पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, किसान गुरूनाम चढूनी, जयंत चौधरी, चंद्रशेखर के बैठने की व्यवस्था की गई थी। दूर दराज से आए किसानों व किसान नेताओं के लिए सुबह से ही भंडारा भी लगाया। राष्ट्रीय नेशनल लोकदल के सिवालखास से विधायक गुलाम मोहम्मद में मुंडलाना में पंचायत से पहले कहा कि बेटियों की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। आज पंचायत में बेटियों के हक में बड़ा फैसला लेंगे।



सरकार को चाहिए था कि बेटियों के आवाज उठाते ही उन्हें न्याय दिया जाता, लेकिन केंद्र सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। अब बृजभूषण के खिलाफ ठोस निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बृजभूषण के बयान बेशर्मी भरे हैं। आम आदमी पर अगर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज होता है तो उसे तुरंत जेल में डाल दिया जाता है। उसके उलट बृजभूषण पर कार्रवाई नहीं कर कानून का गला घोंटा जा रहा है। इस तरह का मौका नहीं मिलना चाहिए। बेटियों के शिकायत करते ही उसे पद से हटाकर उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए थे। उसे जेल में डालना चाहिए। जितनी देर हुई इसका खामियाजा सरकार को भुगतना होगा। राष्ट्रीय लोकदल के हाथरस के सादाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रदीप चौधरी उर्फ गुड्डू ने कहा कि केंद्र सरकार पहलवानों की मांगों की अनदेखी कर रही है। सरकार महिला पहलवानों को न्याय नहीं दिलवाना चाहती। उन्होंने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह ने बेशर्मी के सभी हदें पार कर दी हैं। आरोप लगते ही उनको भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से हटाना चाहिए था और गिरफ्तार किया जाना चाहिए था। बेटियों से अन्याय अस्वीकार्य है। मुंडलाना में आयोजित महापंचायत में पहुंचे निहंग बाबा अमन सिंह ने कहा कि महापंचायत में अभी अच्छे दृश्य देखने को मिलेंगें। पहलवानों को न्याय नहीं मिला तो हम घोड़े भी लाएंगे। फौज और शस्त्र भी लाएंगे। साथ ही लंगर भी लगाया जाएगा। पहलवानों को बादाम खिलाकर और तगड़ा किया जाएगा। इतना तगड़ा कर देंगे कि पहलवान उन्हें खींच कर ले जाएंगे।

### बीजेपी वालों को गांवों में घुसने से रोकने की तैयारी : गुरनाम चढूनी

मुंडलाना में हुई समर्थन पंचायत में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि आज की पंचायत सहयोग के लिए बुलाई गई है। सभी की मांग थी कि इसमें ठोस निर्णय लिए जाएं। हमारे मन में था कि जैसे बीजेपी ने हमें संसद में जाने से रोका, उसी प्रकार उन्हें भी गांवों में घुसने से रोक दें, जैसें उन्होंने हमारी बहन बेटियों को घसीटा है, उसी प्रकार उन्हें भी घसीटते हुए बाहर निकाल दें, लेकिन हमें अनुशासन में रहना है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन खिलाड़ियों का है, हम उनके सहयोगी हैं। हम उन्हें आश्वासन देते हैं कि अगर यह खिलाड़ी यह कहें कि जंतर मंतर पर जाकर सिर कटवाना है तो हम कटवा देंगे, पीछे नहीं हटेंगे। इसका फैसला हम खिलाड़ियों पर छोड़ते हैं।

## केदारनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण पर रोक जारी

**देहरादून, 4 जून (एजेंसी)।** केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन पंजीकरण पर लगी रोक बरकरार है। ऑफलाइन पंजीकरण पर लगी रोक को 3 जून से बढ़ा कर 10 जून किया गया, जबकि ऑनलाइन पंजीकरण पर 15 जून तक रोक है। केदारनाथ धाम की यात्रा के पंजीकरण के लिए तीर्थयात्रियों को अभी इंतजार करना होगा। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 41 लाख पहुंच गई है। इनमें 13.38 लाख यात्रियों ने केदारनाथ धाम के लिए पंजीकरण कराया है। मई में लगातार मौसम खराब होने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए पंजीकरण पर रोक लगाई थी। फिलहाल मौसम खुला हुआ है लेकिन रोक बरकरार है क्योंकि जिन यात्रियों ने पूर्व में पंजीकरण किया है, उनकी यात्रा पहले पूरी कराना जरूरी है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 10 जून तक केदारनाथ धाम के लिए प्रतिदिन 20 हजार से अधिक यात्रियों ने पंजीकरण कराया है।

चारधाम यात्रा में इस बार 44 दिन यानी लगभग डेढ़ माह में 21 लाख से अधिक यात्री दर्शन कर चुके हैं, जबकि पंजीकरण का आंकड़ा 41 लाख पहुंच गया है। यात्रा की शुरूआत में मौसम की चुनौतियों के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। सरकार को उम्मीद है कि इस बार चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं का नया रिकॉर्ड बनेगा।

## अमिताभ, धर्मेंद्र और दिलीप कुमार की ऑन स्क्रीन मां का निधन



**मुंबई, 4 जून (एजेंसी)।** दिग्गज अभिनेत्री सुलोचना लाटकर का निधन हो गया। 94 साल की अभिनेत्री को दादर के सुश्रुषा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुलोचना लाटकर पिछले कुछ महीनों से सांस की बीमारी से पीड़ित थीं। उनका काफी समय से अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके दामाद ने सुलोचना के निधन की पुष्टि की है। उनका पार्थिव शरीर कल सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रभा देवी स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। उसके बाद शिवाजी पार्क में अंतिम संस्कार किया जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुलोचना दीदी के इलाज का सारा खर्च मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से देने का निर्देश दिया था। सुलोचना लाटकर ने अब तक कई मराठी फिल्मों में काम किया है। उनकी प्रसिद्ध मराठी फिल्मों में 'मराठा तितुका मेलवावा', 'मोलकरीण', 'बाला जो रे', 'सांगते ऐका', 'ससुरवास', 'वाहिनी ची बंगद्या' का नाम शामिल है। इसके साथ ही सुलोचना ने ढेरों हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

## बारिश की विदाई और अब बढ़ेगा पारा



मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)। मौसम में हल्के बदलाव के साथ आज तापमान थोड़ा बढ़कर 35 .5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान में बड़ा बदलाव नहीं हुआ। नगर में मौसम में राहत बरकरार है, हालांकि अब तापमान बढ़ रहा है। आज दिन में बादलों के साथ धूप के साथ मौसम में गर्माहट रही। इससे पारा थोडा बढ़ा। दोपहर बाद बादलों का जमघट बढ़ा लेकिन बारिश नहीं हुई। इससे पूर्व रविवार सुबह फिर दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है। हल्की हवाएं भी चल रही हैं। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। हालांकि विभाग का कहना है कि सोमवार से एक बार फिर मौसम में बदलाव आएगा। दिल्ली-एनसीआर का तापमान बढ़ने लगेगा। धीरे-धीरे गर्मी सताने लगेगी। मौसम विभाग के अनुसार अब लग रहा है कि बारिश की विदाई हो गई है। इसके बाद मौसम विभान की ओर से भी तापमान और गर्मी बढ़ने की बात कही गई। मौसम के शुष्क रहने से तापमान में बढ़ोतरी होगी और तापमान 40 डिग्री के पास पहुंच सकता है। प्रदूषण पर नियंत्रण के चलते मुजफ्फरनगर का एक्यूआई 104 दर्ज किया गया है।

# हरी लाठी और हरी टोपी के साथ होगा विरोध

## ▶ पुरकाजी-लक्सर मार्ग के चौड़ीकरण पर भाकियू तोमर देगी धरना

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** नव घोषित नेशनल हाईवे 334 ए पुरकाजी से लक्सर रोड चौड़ीकरण में लोक निर्माण विभाग डिवीजन सहारनपुर व गाजियाबाद के अधिकारियों पर मनमाने नियमविरूद्ध तरीके से मुआवजे व लीगल नोटिस दिये बिना मकान, दुकान मालिक और किसानों से जबरदस्ती उनकी जमीने खाली कराए जाने के का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन तोमर ने 5 जून को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। हरी लाठी और हरी टोपी के साथ कार्यकर्ताओं को पहुंचने को कहा गया है।

संगठन का कहना है कि नेशनल हाईवे 334 ए के रोड चौड़ीकरण मे लोक निर्माण विभाग सहारनपुर व गाजियाबाद डिवीजन के अधिकारियों द्वारा मनमाने व नियमविरूद्ध तरीके से मकान मालिक और दुकानदारों और किसानों से बिना लीगल नोटिस दिए और बिना मुआवजे दिए जबरदस्ती डरा धमका कर जमीने खाली कराई जा रही है और तरह-तरह से धमकाया जा रहा है। उपरोक्त नेशनल हाईवे के दोनों किनारों पर मनमाने तरीके से नेशनल हाईवे के अधिकारियों द्वारा जमीन मालिकों की निजी जमीनों में निशानदेही करके उन्हें बुलडोजर का डर दिखाकर जगह खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है। पहले यह रोड लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत जिला मुजफ्फरनगर में पडने वाला लोकल रोड हुआ करता था। बाद में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री द्वारा टू लेन नेशनल हाईवे 334 ए रोड घोषित कर दिया गया था,और लोक निर्माण विभाग डिवीजन गाजियाबाद से सहारनपुर डिवीजन ट्रांसफर कर दिया गया था। नेशनल हाईवे के अधिकारियों द्वारा टू लेन की चौड़ाई के अनुसार रोड के किनारे जमीन मालिकों की जमीनों में गलत व मनमाने तरीके से नेशनल हाईवे की जमीन बताते हुए निशानदेही कर दी गई और बिना मुआवजे व बिना लिखित नोटिस दिए। अब जमीन मालिकों से और किसानों से जमीनों को खाली करने का बुलडोजर का डर दिखाकर दबाव बनाया जा रहा है और लोगों की निजि जमीने जबरदस्ती हथियाने का प्रयास व कार्य किया जा रहा है। रोड की मूल चौड़ाई से ज्यादा निशानदेही लोगों की निजर जमीनों में कर दी गई है जिसका मुआवजा भी नहीं दे रहे हैं। इसे लेकर भारतीय किसान यूनियन तोमर असहाय और बेबस पीडित लोगों की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। कल सोमवार को सुबह 11:00 बजे भारतीय किसान यूनियन तोमर के सभी कार्यकर्ताओं व नगर, ब्लॉक, जिला पदाधिकारियों को हरी लाठी और टोपी के साथ कचहरी पहुंचने को कहा गया है।

## अजमेर 92 फिल्म पर रोक लगाने की मांग

**सहारनपुर, 4 जून (एजेंसी)।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने अजमेर 92 के नाम से रिलीज होने वाली फिल्म को समाज में दरार पैदा करने का एक प्रयास बताया। साथ ही उन्होंने सरकार से फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। रविवार को जारी बयान में मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक और लोगों के दिलों पर राज करने वाले सच्चे सुल्तान थे। एक हजार वर्षों से आप इस देश की पहचान हैं और आपका व्यक्तित्व शांतिदूत के रुप में जाना जाता है। उनके व्यक्तित्व का अपमान या अनादर करने वाले स्वयं अपमानित हुए हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को विभाजित के बहाने खोजे जा रहे हैं और आपराधिक घटनाओं को धर्म से जोड़ने के लिए फिल्मों एवं सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। जो निराशाजनक है और हमारी साझी विरासत के लिए हानिकारक है।

# नीतीश का ड्रीम पुल भरभराकर गंगा नदी में समाया

## ▶ निर्माणाधीन पुल के तीन पिलर भी गंगा में समाए, कई फीट ऊंची उठी गंगा की लहरें

**भागलपुर, 4 जून (एजेंसी)।** बिहार में भागलपुर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। गंगा नदी के ऊपर बन रहा पुल रविवार को गिर गया। अगुवानी-सुल्तानगंज निर्माणाधीन पुल के तीन पिलर भी नदी में समा गए, जिससे लगभग 100 मीटर तक पुल का हिस्सा ढह गया। जैसे ही पुल ताश के पत्तों की तरह गंगा में गिरा, नदी के पानी की कई फीट ऊंची लहरें उठीं। सड़क किनारे बैठे लोग सहम गए। पुल गिरने की घटना का स्थानीय लोगों ने वीडियो बना लिया। एक गार्ड के लापता होने की सूचना मिल रही है। किसी की मौत की खबर नहीं है। इससे पूर्व, 29 अप्रैल, 2022 की रात में निमार्णाधीन पुल के 36 स्पैन ढहे थे। रविवार का दिन होने के कारण काम बंद था। अभी तक किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। रविवार की शाम करीब 7 बजे अचानक पुल गिर गया। जिस वक्त हादसा हुआ, उस वक्त काम बंद हो चुका था। इस वजह से पुल पर कोई मजदूर नहीं था। इधर, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम खगड़िया के कार्यपालक अभियंता योगेंद्र कुमार ने बताया कि कुछ स्पैन गिरे हैं। खगड़िया डीएम अमित कुमार पांडेय ने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारी को घटनास्थल पर भेजा गया है। मिसिंग चेक कर रहे हैं। परबत्ता विधायक डॉक्टर संजीव कुमार ने कहा है कि इस पुल की क्वालिटी को लेकर विधानसभा में भी उन्होंने सवाल उठाए थे। इस पुल का शिलान्यास सीएम नीतीश कुमार ने 2014 में किया था। जबकि पुल का निर्माण 2015 से शुरू हुआ। अगुवानी-सुल्तानगंज महासेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, लेकिन यहां निर्माण कंपनी एसपी सिंगला की ओर से क्वालिटी का काम नहीं किया गया है। परबत्ता विधायक ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने एसपी सिंगला के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आलोक झा को भी आड़े हाथों लिया है।



## मेरठ में एसटीएफ ने चार संदिग्ध बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

**मेरठ।** खरखौदा में शनिवार देर रात एटीएस की टीम ने धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में जूता बनाने की फैक्टरी में काम करने वाले चार संदिग्ध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि फर्जी दस्तावेज बनाकर बांग्लादेश के चार युवक सोजिब खान, सुजीदुल खान, मोंटू खान, और मोजेब खान धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सूर्या इंटरनेशनल जूता बनाने वाली फैक्टरी में काम कर रहे हैं। इससे पूर्व चारों संदिग्ध बांग्लादेशी भारत के अलग-अलग शहरों में रह चुके हैं। एटीएस ने इनके पास से बांग्लादेश में भारतीय मोबाइल सिम, बांग्लादेश और भारतीय आधार कार्ड का पहचान पत्र, अन्य फर्जी दस्तावेज समेत अन्य सामान बरामद किया है। एटीएस ने आरोपितों के खिलाफ शनिवार देर रात्रि में ही थाना खरखौदा पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## केक ना काट्टो पेड्डे लगाओ, जन्म दिन पर बोले राकेश टिकैत



**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के जन्म दिन पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने आह्वान किया कि केक मत काटो, पेड़ लगाओ ताकि लोगों को फल और छांव मिल सके। उड़ीसा में हुए रेल हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि यह मौका खुशी मनाने का नहीं है। मुजफ्फरनगर में किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का 54वां जन्मदिन मनाया गया। चौधरी राकेश टिकैत रविवार को किसान भवन सिसौली में मौजूद रहे। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता और कस्बा वासियों ने उनके जन्मदिन पर किसान भवन में हवन और यज्ञ कर किसान नेता के दीर्घायु होने की कामना की। चौधरी राकेश टिकैत ने वहां पहुंचकर आह्वान किया कि आज के दिन केक न कांटे। उन्होंने कहा कि बेहतर है कि फलदार और छायादार पेड़ लगाए जाएं। जिन की छांव में लोग बैठ सकें और फल खा सकें। उन्होंने कहा कि पेड़ों से पशु पक्षियों को भी फायदा होता है। चौधरी राकेश टिकैत ने किसी भी मौके पर फिजूलखर्ची से बचने का आह्वान किया। इस मौके पर किसान चिंतक एवं वरिष्ठ समाजसेवी कमल मित्तल, अभिजीत बालियान, अनंगपाल सिंह, विरेन्द्र शर्मा, नाजिम आलम, विशाल बाल्मिकी, विनोद मलिक, अजय सिसौली, तनुज , मोनू, विकास, हिमांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

**श्रद्धांजलि**

परम वंदनीय और हम सबके पथप्रदर्शक
**स्वर्गीय श्री मूलचन्द सर्राफ जी की**
**द्वितीय पुण्यतिथि**
**अश्रुपूरित श्रद्धांजलि**



28 अगस्त 1943 - 5 जून 2021

**आपका आशीर्वाद ही हमारी अनमोल धरोहर है।**

शिव नारायण, अशोक अग्रवाल, पुष्पेंद्र अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल (भाई)
पंकज अग्रवाल (पुत्र), नवीन अग्रवाल (पुत्र)
सुशील अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल (भतीजे)
वासुदेव अग्रवाल, राघव अग्रवाल, कनव अग्रवाल (पौत्र) एवं समस्त
मूलचंद परिवार

# राम मंदिर निर्माण पर अब तक 345 करोड़ रुपये किए गए खर्च

## दुनिया के कुछ चुनिंदा मंदिरों में शामिल होगा अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि पर बन रहा रामलला का मंदिर

अयोध्या, 04 जून (एजेंसी)। श्रीरामजन्मभूमि परिसर में हो रहे भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण से रामभक्तों की सदियों की प्रतीक्षा खत्म हो रही है। राममंदिर न सिर्फ तकनीकी रूप से दुनिया के चुनिंदा मंदिरों में शामिल होगा, बल्कि भव्यता में भी इसका कोई सानी नहीं होगा। 77 एकड़ के संपूर्ण रामजन्मभूमि परिसर को संवारने में 1835 करोड़ के खर्च का अनुमान श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने लगाया है। अकेले मंदिर निर्माण में अब तक 345 करोड़ खर्च हो चुके हैं।



राममंदिर निर्माण के लिए हर रोज लाखों का दान आ रहा है। 2021 में ट्रस्ट द्वारा चलाए गए निधि समर्पण अभियान में ही मंदिर निर्माण के लिए करीब पांच करोड़ रामभक्तों की ओर से समर्पित किया गया था। ऐसे में ट्रस्ट के सूत्रों का कहना है कि मंदिर निर्माण में धन की कमी आड़े नहीं आने पाएगी। मंदिर भव्यता व तकनीक के लिहाज से दुनिया के चुनिंदा मंदिरों में से एक हो, इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। अकेले मंदिर निर्माण की लागत ही 575 करोड़ आंकी गयी है, जिसमें से अब तक 345 करोड़ खर्च हो गए हैं। ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर मंदिर निर्माण के चित्र व वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर देश-दुनिया के भक्तों को मंदिर की प्रगति से भी अवगत कराया जाता है। राममंदिर के भूतल का काम 85 फीसदी पूरा हो चुका है। जनवरी 2024 में गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद मंदिर भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा आय-व्यय में पारदर्शिता बरतने के लिए टीसीई को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जो आय-व्यय का पूरा हिसाब रखती है। इसकी सोशल ऑडिट भी हर साल कराया जाता है।

रामजन्मभूमि परिसर में राममंदिर के अलावा कई अन्य प्रकल्प भी बनाए जाने हैं। 25 हजार भक्तों के लिए तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का निर्माण होना है। इसके अलावा, सीता रसोई, गोशाला, संग्रहालय, त्रिस्तरीय वृक्षारोपण, पार्किंग सुविधा, सुरक्षित अमानती घर, आपात चिकित्सा सहायता केंद्र, बैंक, बहुआयामी चल चित्रशाला, यज्ञशाला, रामलीला केंद्र, अन्न क्षेत्र आदि का भी निर्माण होना है।

## 12 को पटना में क्षेत्रीय दल भाजपा विरोधी मोर्च पर करेंगे मंथन

आजमगढ़, 4 जून (एजेंसी)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अलग-अलग मिले हैं। बातचीत में तय हुआ है कि सभी क्षेत्रीय दल अपने-अपने क्षेत्र में लोकसभा चुनाव मजबूती के साथ लड़ेंगे और अन्य दलों के साथ मिलकर विपक्षी एकता बनाएंगे। विपक्षी एकता के मद्देनजर पटना में 12 जून को होने वाली सभा में उनको निमंत्रण मिला है और वह जाएंगे। अखिलेश यादव ने गठबंधन से जुड़े सवाल पर कहा कि जो दल हमारे साथ हैं, वह सब रहेंगे। विधानसभा चुनाव में गठबंधन के साथी रहे ओमप्रकाश राजभर से संबंधित सवाल पर कहा कि उन्हें भाजपा के एसी की हवा लग गई है तो उनको लगे रहने दें। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। खास समुदाय व कुछ खास लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा की सरकार गरीबों के ही घरों पर जेसीबी चला रही है।

## दस दिन में चार करोड़ परिवारों तक पहुंचेगी भाजपा, 30 जून तक चलेगा अभियान

**लखनऊ, 04 जून (एजेंसी)। नरेंद्र मोदी सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुटी भाजपा 21 से 30 जून तक घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाएगी। अभियान के जरिए प्रदेश के चार करोड़ परिवारों तक मोदी सरकार की उपलब्धियां पहुंचाई जाएंगी। अभियान में केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रियों, भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी और बूथ के कार्यकर्ता घर घर जाएंगे। भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के अंतिम चरण में घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। शक्ति केंद्र स्तर पर पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकताओं को उनके क्षेत्र के बूथ के प्रत्येक मतदाता के घर जाकर संपर्क करना है। घर पर संपर्क के साथ पार्टी का साहित्य और मोदी सरकार की उपलब्धियों से जुड़े पत्रक वितरित किए जाएंगे। संपर्क टोली के सभी सदस्य पार्टी का पटका व टोपी पहनकर और हाथ में पार्टी का झंडा लेकर जाएंगे। दस दिन में प्रदेश के 1.70 लाख बूथों पर स्थित चार करोड़ से ज्यादा परिवारों से संपर्क किया जाएगा। संपर्क के सत्यापन के लिए जिस व्यक्ति से संपर्क किया है उससे पार्टी के टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल भी करानी होगी। जितने मिस्ड कॉल होंगे उतना ही संपर्क माना जाएगा।**




# महिला पहलवानों को न्याय दिलाने को रालोद ने भरी हुंकार



### हरियाणा की मुंडलाना में हुई पंचायत में शामिल होने को हुए रवाना

मुजफ्फरनगर, 04 जून (ब्यू.)। देश की महिला पहलवानों को न्याय दिलाने को लेकर चल रहे आंदोलनों के बीच रविवार को मुंडलाना में हो रही पंचायत के लिए रालोद कार्यकर्ता वाहनों में सवार होकर जिले से रवाना हुए। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 23 मई को किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी के आह्वान पर महिला पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए 4 जून को मुंडलाना पंचायत में पहुंचने का आह्वान किया था। जयंत चौधरी के आह्वान पर मुजफ्फरनगर के साथ ही आसपास के जिलों से भी भारी संख्या में रालोद नेता और कार्यकर्ताओं ने कूच किया।

बीते दिनों भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण पर लगे यौन शोषण के आरोपों में गिरफ्तारी को आंदोलन अपने चरमोत्कर्ष की ओर अग्रसर है। ऐसे में तमाम आंदोलनों के बाद बृजभूषण की गिरफ्तारी न होने से नाराज महिला पहलवानों ने बीते 30 मई को जहां एक ओर हरिद्वार पहुंचकर अपने मेडल गंगा में विसर्जित करने का निर्णय लिया था। इस बीच बालियान खाप के चौधरी व भाकियू के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने हरिद्वार पहुंचकर महिला पहलवानों को ऐसा करने से रोकते हुए उनसे मेडल अपनी झोली में डलवा दिए थे। इसके बाद जिले में बीते 1 जून को गांव सौरम में हुई सर्व खाप पंचायत में खाप चौधरियों ने पंचायत में लिए गए निर्णय को सुरक्षित रखते हुए 2 जून को कुरुक्षेत्र में फैसला लेने की बात कही थी। इस मामले में भाकियू नेता चौ. राकेश टिकैत ने भी राष्ट्रपति से मिलकर उन्हें स्थिति से अवगत कराने को कहा था। इससे पूर्व 23 मई को रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया था कि महिला पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए वह हरियाणा के गोहाना के मुंडलाना में आयोजित पंचायत में हिस्सा लें। ऐसे में मुंडलाना में हरियाणा के किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने रविवार को बुलाई बड़ी पंचायत में जयंत चौधरी के आह्वान पर रालोद के कार्यकर्ता गाड़ियों के काफिले के साथ सुबह मुंडलाना के लिए रवाना हुए। रालोद के अध्यक्ष एवं सांसद जयंत भी मौजूद रहे।

रालोद के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष अजीत राठी ने कहा कि रालोद पार्टी महिला पहलवानों को न्याय दिलाकर रहेगी। बुढ़ाना से रालोद विधायक राजपाल बालियान ने कहा कि महिला पहलवानों के साथ हुई नाइंसाफी का बदला कानून से लिया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व सांसद राजपाल सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, विधायक अनिल कुमार व सुधीर भारती समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लेनदेन के विवाद में गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या, घर से बुलाकर ले गए थे

अलीगढ़, 04 जून (एजेंसी)। अलीगढ़ महानगर के सिविल लाइंस क्षेत्र के जमालपुर में शनिवार देर रात एक गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के मूल में लेनदेन का विवाद निकलकर आया है। घटनाक्रम के अनुसार जमालपुर गुलजार गली का 22 वर्षीय साजिद सिविल लाइंस थाने का गैंगेस्टर था। उस पर लूट आदि के पांच मुकदमे दर्ज हैं। परिवार के अनुसार वह घर में पत्नी आशा परवीन व दो बच्चों के साथ रहता था। शनिवार रात करीब बारह बजे पड़ोस के दो युवक बाइक पर सवार होकर आए और साजिद को घूमते हुए बातचीत के बहाने साथ ले गए। घर से बमुश्किल दो सौ मीटर चलकर उनमें कहासुनी शुरू हो गई। इसी दौरान विवाद बढ? पर आरोपी में से एक युवक ने तमंचे से गोली साजिद के सीने में मार दी और धमकाते हुए दोनों साथी भाग गए। हमले में साजिद मौके पर गिर पड़ा और वहां अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन साजिद को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। खबर पर परिवार के अलावा एसपी सिटी व सीओ तृतीय सिविल लाइंस पुलिस के साथ पहुंच गए। साजिद को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए आसपास के सीसीटीवी देखे। तथ्यों के आधार पर जांच पड़ताल की। जांच में मामला लेनदेन के विवाद का निकला।

## सभासद सीमा जैन ने पालिका में जन्म-मृत्यु पंजीकरण में हो रहे भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने की उठाई मांग


फोटो बुलेटिन गौरव स्वरूप को शिकायती पत्र सौंपते विकल्प जैन व अन्य।

मुजफ्फरनगर, 04 जून (ब्यू.)। नगरपालिका वार्ड 33 नई मंडी से सभासद सीमा जैन पत्नी विकल्प जैन ने रविवार को नगर पालिका अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप से मिलकर चुनावी वायदे के बीच पालिका के जन्म मृत्यु पंजीकरण पटल पर व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने को शिकायत की। वार्ड सभासद ने अपने लिखित शिकायती पत्र में पालिका अध्यक्ष को बताया कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण पटल पर पूर्व पालिकाध्यक्षा अंजू अग्रवाल के कार्यकाल के समय में पटल लिपिक के रूप में विजय जैन की नियुक्ति है। सभासद सीमा जैन ने बताया चूंकि हमने और आपने निकाय चुनाव में जनता के बीच पालिका को एक भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था देने का वादा किया है और इसके लिए आपने शपथ ग्रहण समारोह में भी अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया है। ऐसे में जन्म-मृत्यु पटल पर पंजीकरण कार्य देख रहे लिपिक विजय जैन द्वारा किये जा रहे तमाम भ्रष्टाचार की शिकायत काफी संख्या में प्राप्त हो रही है, जिससे पालिका में निर्वाचित बोर्ड व एक वार्ड से जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरी भी छवि धूमिल हो रही है। बिना पैसे लिए जन्म-मृत्यु विभाग में कोई प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है, जिससे आमजन का आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। इन शिकायतों को संज्ञान लेकर जन्म-मृत्यु पटल पर तैनात लिपिक विजय जैन के आचरण व कार्य व्यवहार की जांच की मांग की।

## मेयर हरिकांत अहलूवालिया को सम्मानित करेगी कलाल महासभा


फोटो बुलेटिन कलाल महासभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

### शुक्रताल में कलाल समाज की अपनी धर्मशाला बनाने का लिया गया निर्णय

मुजफ्फरनगर, 04 जून (ब्यू.)। आज कलाल महासभा (कर्णवाल, अहलूवालिया, जयसवाल) द्वारा रुड़की रोड स्थित कलाल महासभा जिला कार्यालय पर वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सहारनपुर मंडलाध्यक्ष सुखचैन वालिया रहे।

कलाल महासभा के कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसमें तय हुआ कि सहारनपुर मंडल की ओर से शामली में कलाल महासभा के आगामी विशेष कार्यक्रम में पूरे उत्तर प्रदेश में कलाल समाज से चुने गए एकमात्र मेयर मेरठ के हरिकांत अहलूवालिया के साथ ही कलाल समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। शुक्रताल में कलाल महासभा की ओर से एक धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में कलाल महासभा मुजफ्फरनगर के संस्थापक विजय कलाल, अध्यक्ष प्रमोद कर्णवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र वीर सिंह, महामंत्री ऋषिराज वालिया, कोषाध्यक्ष राजेश कर्णवाल, रविंद्र कर्णवाल, उपाध्यक्ष राजीव कर्णवाल ईचू, नानक चंद वालिया, मंत्री शैलेंद्र कुमार कर्णवाल, मीडिया प्रभारी केतन कर्णवाल, संगठन मंत्री योगेश कर्णवाल, व्यवस्था मंत्री रमन कपिल, सूचना मंत्री शिव कुमार डोली तथा सुनील कर्णवाल, राकेश कर्णवाल, कर्ण कर्णवाल व लड्डू कर्णवाल उपस्थित रहे।

## मानसून पर भगवान जगन्नाथ मंदिर ने दिया क्या संकेत

भीतरगांव, 4 जून (एजेंसी)। घाटमपुर के भीतरगांव में बेहटा बुजुर्ग गांव के प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर लगे पत्थर से पानी की बूंदे टपकने से हर साल मानसून का संकेत मिलता है। इस बार भी जून का महीना शुरू होते ही मंदिर के शिखर पर लगा पत्थर पसीजने लगा है। रुक-रुक कर पानी की छोटी बूंदे टपकने लगी हैं। बूंदों के छोटे आकार से मानसून कमजोर रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। इलाके के लोग मानसून नजदीक मानकर घरेलू व खेती के काम निपटाने में जुट हैं। बेहटा बुजुर्ग गांव स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर एक पत्थर लगा है। मान्यता है कि मई-जून की चिलचिलाती धूप व गर्मी के बीच पत्थर से पानी की छोटी-बड़ी बूंदे मानसून आने के लगभग 20 दिन पहले ही टपकने लगती हैं। बारिश शुरू होने के बाद पत्थर पूरी तरह सूख जाता है। जगन्नाथ मंदिर के पुजारी कुड़हा प्रसाद शुक्ला बताते हैं इस बार मानसूनी पत्थर का कुछ भाग ही पसीजा है। दो-तीन दिन से रुक रुक कर बूंदे भी टपक रही है। जगन्नाथ मंदिर की प्राचीनता के पुख्ता प्रमाण तो नहीं है। बौद्ध मठ जैसे मंदिर की दीवारें लगभग 14 फीट मोटी हैं। मंदिर के अंदर भगवान जगन्नाथ बलदाऊ और बहन सुभद्रा की मूर्तियां है।

## नेशनल हाइवे पर टक्कर लगने के बाद पलटी कार, महिला समेत चार घायल


फोटो बुलेटिन देहरादून हाईवे पर कार पलटने के बाद घायल कार सवार।

छपार, 04 जून (ब्यू.)। जून माह में हरिद्वार जाने के लिए हाइवे पर वाहनों की भारी भीड़ चल रही है, जिसके चलते रोजाना दुर्घटनाएं होना आम बात है। रविवार दोपहर पुरकाजी-छपार सीमा पर सोनीपत हरियाणा के एक कार चालक ने आगे चल रही कार में टक्कर मार दी। अगली कार डिवाइडर पर चढ़ गई तो वहीं पीछे वाली कार का संतुलन बिगड़ने से पलटकर काफी दूर तक घसीटती हुई चली गई।

नेशनल हाईवे पर पलटने वाली इस कार में एक महिला सहित तीन लोग सवार थे। कार सवार लोगों की चीख सुनकर पुरकाजी थाने की चीता मोबाइल के पुलिसकर्मियों ने लोगों की मदद से शीशे तोड़कर सभी को बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। कार में सोनीपत निवासी अमित जिंदल उनकी पत्नी संध्या, संजीव कुमार तथा एक अन्य व्यक्ति मौजूद था। डिवाइडर पर चढ़ने वाली कार में कोई घायल नहीं हुआ।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**51 वर्ष पूर्व यूपी के 21वें मुख्यमंत्री योगी का जन्म हुआ**



नई दिल्ली 04 जून (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 05 जून की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं। 1659-मुगल शासक औरंगजेब आधिकारिक रूप से दिल्ली की गद्दी पर बैठा। 1953-डेनमार्क में आज ही के दिन नया संविधान लागू हुआ। 1961-भारत के प्रसिद्ध टेनिस प्रशिक्षक और पूर्व टेनिस खिलाड़ी रमेश कृष्णन का जन्म। 1967-इजरायल ने मिस्र पर हमला कर उसके करीब चार सौ लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए। 1972-उत्तर प्रदेश राज्य के 21वें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म। 1984-पंजाब के अमृतसर में सिखों के धर्म स्थल स्वर्ण मंदिर में भारतीय सेना ने ऑपरेशन ब्लू-स्टार को अंजाम दिया। 1989-ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्लाह रोहेल्लाह खुमैनी का निधन। 1990-सोवियत संघ के आखिरी राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 2000-पहली सबसे छोटी फिल्म "405 द मूवी" को इंटरनेट पर जारी किया गया। 2001-शाही हत्याकांड जांच आयोग के एक सदस्य माधवन के इस्तीफ से नेपाल में शाही परिवार की जांच का कार्य अवरुद्ध। 2002-भारत की सीमा पर साझा गश्त के प्रस्ताव को पाकिस्तान ने खारिज किया। 2005-ताइवान ने अपनी पहली क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। 2008-इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती घोटाले की जाँच सीबीआई से कराने का भारत सरकार को निर्देश दिया। 2013-अमेरिकी जासूस स्नोडेन ने खुलासा किया कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी लाखों लोगों के फोन रिकॉर्ड जुटा रही है। 2017-भारत में सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 डी-1 का सफल प्रक्षेपण किया गया।

# पेपर बैग और इको ब्रिक बनाकर वर्ल्ड विजन में छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### छात्रों में बहुआयामी व्यक्तित्व का विकास स्कूलों का उत्तर दायित्वः मृणालिनी


फोटो बुलेटिन पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं स्कूल की छात्राएं।

मुजफ्फरनगर, 04 जून (ब्यू.)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वर्ल्ड विजन के छात्रों ने अनेक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के विषय में समझाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण से संबंधित मुद्दों के लिए जागरूक करना तथा उन्हें वातावरणिक विषयों में सक्रिय बनाना है। स्किलहब मैस्कॉट क्लब द्वारा छात्रों को 'पेपर बैग' निर्माण करना, इको ब्रिक्स बनाना व आसपास से प्लास्टिक बैग और बोतलों का संग्रह कर उनका उपयोग करना सिखाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने कहा कि पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति से युवा पीढ़ी को अवगत कराया जाए व इसकी रक्षा के लिए जनमानस को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय ही वह स्थल होता है, जहाँ देश के भविष्य का निर्माण होता है। छात्रों के बहुआयामी व्यक्तित्व का विकास करना भी विद्यालयों का ही उत्तरदायित्व होता है। क्लब की इंचार्ज वंदना गुप्ता व सीपिका भार्गव ने कार्य को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 32 साल पहले दिनदहाड़े छलनी कर दिए गए थे कांग्रेस नेता अवधेश राय, फैसला आज

### बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी दोषी या निर्दोष

वाराणसी, 04 जून (एजेंसी)। बांदा जेल में बंद बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के लिए सोमवार का दिन बेहद अहम होगा। वाराणसी के बहुचर्चित 32 वर्ष पुराने अवधेश राय हत्याकांड का फैसला सोमवार को होगा। पूर्वांचल में सभी की निगाहें सोमवार को विशेष न्यायाधीश (एमपी/एमएलए कोर्ट) अवनीश गौतम के फैसले पर टिकी है। मामले में मुख्य आरोपी माफिया मुख्तार अंसारी है। उसकी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी भी हो सकती है।



अवधेश राय हत्याकांड में अदालत मुख्तार को दोषी पति है या बरी करती है यह सोमवार को तय होगा। बीते एक साल में मुख्तार अंसारी को चार मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। लेकिन इन सभी मामलों में अवधेश राय हत्याकांड का मामला सबसे बड़ा और सबसे बड़ी सजा के प्रावधान का है, जिसमें मुख्तार अंसारी समेत नामजद चार आरोपियों की किस्मत का फैसला होगा। लोग जानना चाहेंगे कि मुख्तार को कैसी सजा मिलती है या वह बरी हो जाता है। अवधेश राय हत्याकांड पर आने वाले फैसले के मद्देनजर सिविल कोर्ट परिसर के साथ ही नौ मंजिला बिल्डिंग स्थित अदालत कक्ष की सुरक्षा का खाका खींचा गया है। सिविल कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर पुलिस और खुफिया विभाग के लोगों की नजर रहेगी। हालांकि, सिविल कोर्ट में ग्रीष्मावकाश के कारण आम दिनों की अपेक्षा चहल-पहल कम रहेगी।

## इस सप्ताह का राशिफल

**05 जून से 11 जून 2023**

हस्तरेखा-अंक ज्योतिष विशेषज्ञ, वास्तुशास्त्र व रत्न परामर्शदाता

**विमल जैन**

एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (आकांक्षा हास्पिटल के निकट), भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0 प्र0)

मो0 नं0 : 09335414722


विमल जैन



चू, चे, चो, ला ली, लू, ले, लो, आ — नक्षत्र अश्वनी भरणी कृतिका, चरण 1234 1234 1

**मेष**– सप्ताह में 5 से 11 जून के दिन 8/47 बजे तक भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त होगा। मित्रों-स्वजनों के माध्यम से किसी योजना की शुरूआत होगी। नवीन आयाम सामने आयेंगे। धनागम का मार्ग प्रशस्त होगा। समस्याओं का संतोषजनक समाधान होगा। भोग-विलासिता की ओर रुझान रहेगा। मेल-मिलाप में रुचि रहेगी। जीवनसाथी का सानिध्य रहेगा। प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क होगा। रचनात्मक क्रिया-कलापों में वृद्धि होगी। राजकीय पक्ष से लाभान्वित होंगे। मनोविनोद के सुअवसर उपलब्ध होंगे। नवसमाचार मिलने को होंगे। यात्रा का मार्ग प्रशस्त होगा। शेष समय व्यवधानकारक रहेगा। कार्यों के प्रति उदासीनता रहेगी। दाम्पत्य जीवन में कटुता रहेगी। विरोधी हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत रहेंगे।



ई, उ, ए ओ, वा, वी वू, वे, वो — नक्षत्र कृतिका रोहणी मृगशिरा, चरण 234 1234 122

**वृषभ**-सप्ताह में 5 व 6 जून को उलझनें प्रभावी रहेंगी। परिवार में मतभेद उजागर रहेगा। शारीरिक-मानसिक कष्ट होगा। वैवाहिक सुख में अड़चनें रहेंगी। आय में न्यूनता रहेगी। लाभ का मार्ग अवरुद्ध रहेगा। जीवन-साथी से तनाव रहेगा। निष्प्रयोजन व्यय होगा। वाहन से भय रहेगा। 7 से 11 जून तक दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। परिश्रम के अनुरूप सफलता मिलेगी। परिस्थितियों में क्रमिक सुधार होगा। पारस्परिक संबंधों में उपस्थित व्यवधान समाप्त होगा। नवसम्पर्क का सदुपयोग मिलेगा। युक्ति से कार्य बनने को होंगे। आपसी सलाह से कामयाबी मिलेगी। नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत। दूसरों के आश्वासनों से मानसिक शांति मिलेगी। धार्मिक कृत्यों की ओर अभिरुचि रहेगी। सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान।



का, की, कू घ, ड, छ के, को, हा — नक्षत्र मृगशिरा आर्द्रा पुर्नवसु, चरण 34 1234 123

**मिथुन**- सप्ताह में 5 व 6 जून को सफलता का सुअवसर प्राप्त होगा। अधूरी योजना के आरम्भ का प्रयास होगा। पारिवारिक समस्याओं का समाधान संतोषजनक रहेगा। राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता रहेगी। भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ होंगे। यश में वृद्धि होगी। 9 के दिन 6/02 बजे तक समय असंतोषजनक रहेगा। आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ेगा। उन्नति में अड़चनें उपस्थित होंगी। स्वयं की सलाह अमान्य साबित होगी। कर्ज से चिंतित रहेंगे। हानि संभव है। शेष 11 जून तक समय आशाजनक रहेगा। इच्छित सफलता में व्यवधान समाप्त होगा। आत्मीयजनों से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। अध्यात्म के प्रति आस्था रहेगी। धनागम होगा।



ही, हू, हे हो, डा, डी डू, डे, डो — नक्षत्र पुर्नवसु पुष्य आश्लेषा, चरण 4 1234 1234

**कर्क**– सप्ताह में 5 से 9 जून के दिन 6/02 बजे तक मनोरथ पूर्ण होने को होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न होंगे। व्यावसायिक-व्यापारिक क्षेत्र में उपस्थित अड़चनें दूर होंगी। नवीन योजना दृष्टिगत होगी। स्थानान्तरण संबंधी विषयक मसला हल होगा। तदुपरान्त 11 के दिन 8/47 बजे तक प्रतिकूलता की स्थिति रहेगी। व्यवसाय में कठिनाइयाँ प्रभावी रहेंगी। बढ़ते हुए खर्च से परेशान रहेंगे। कर्ज अदायगी की चिंता बनी रहेगी। सुख के साधन में कमी महसूस होगी। अपयश मिलेगा। शेष समय बेहतर रहेगा। बुद्धि-चातुर्य से कुछेक कार्य प्रगति पर होगा। तनाव में कमी महसूस होगी। संतान पक्ष से चिंताएँ दूर होगी। स्वास्थ्य सुधार पर हगा। नव उत्तरदायित्व का निर्वाह होगा।



मा, मी, मू मे, मो, टा टी, टू,ट — नक्षत्र मघा पू.फा. उ.फा., चरण 1234 1234 1

**सिंह**- सप्ताह में 5 से 11 जून के दिन 8/47 बजे तक आशाएँ फलीभूत होंगी। शुभ-भावनाओं का उदय होगा। आनन्द की अनुभूति होगी। कठिनाइयों के निराकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। किसी योजना के कार्यान्वयन हेतु सहयोगियों से विचार-विमर्श होगा। आपसी सौहार्द रहेगा। स्वयं का निर्णय भाग्य के अनुरूप रहेगा। व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल रहेगा। व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। सामाजिक गतिविधियों की ओर रुचि बढ़ेगी। अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय की स्थिति बनेगी। आपकी सलाह दूसरों को समय पर काम आयेगी। प्रसन्नता रहेगी। शेष समय अशुभ रहेगा। समस्याओं से परेशान रहेंगे। सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पायेगा। बात-बात पर क्रोध आयेगा।



टो, पा, पी पू, प, ण ठ, पे, पो — नक्षत्र उ.फा. हस्त चित्रा, चरण 234 1234 12

**कन्या**- सप्ताह में 5 व 6 जून को समय विपरीत रहेगा। अभीष्ट सिद्धि में व्यतिक्रम रहेगा। शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश करेंगे। बढ़ते हुए खर्च से परेशान रहेंगे। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। सन्तान पक्ष से विवाद की स्थिति उत्पन्न होगी। व्यर्थ भ्रमण होगा। 7 से 11 जून तक समय प्रगति पर रहेगा। निजी जिन्दगी में सुख के जरूरी साधन सुलभ होंगे। घरेलू वातावरण सुखद रहेगा। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। परोपकार की भावना जागृत होगी। प्रियजनों एवं मित्रों से अनुकूलता की स्थिति रहेगी। आत्म-शक्ति का विकास होगा। प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास विफल। परिवार में अशांति। राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करेंगे। उपहार या सम्मान का लाभ। धार्मिक मांगलिक आयोजन संपादित होगा।



रा, री, रू रे, रो, ता ती, तू, त — नक्षत्र चित्रा स्वाति विशाखा, चरण 34 1234 123

**तुला**- सप्ताह में 5 व 6 जून को परिस्थितियों में क्रमिक सुधार होगा। नवयोजना फलीभूत होगी। स्वजनों-परिजनों के माध्यम से किसी विवाद का समापन होगा। महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में अभिरुचि रहेगी। धन संचय की ओर रुझान रहेगा। 9 के दिन 6/02 बजे तक कार्यों में गतिरोध रहेगा। आर्थिक पक्ष में निराशा की स्थिति रहेगी। व्यवहार में जरा सी लापरवाही हानिकारक सिद्ध होगी। आय की तुलना में व्यय अधिक होगा। सजगता अपेक्षित है। शेष 11 जून तक समय भाग्य के पक्ष में रहेगा। कर्ज की अदायगी समय पर हो जायेगी। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। आत्मीयजनों से मधुरता रहेगी। व्यापार में विस्तार होगा। योजना फलीभूत होगी।



तो, ना, नी नू, ने, नो या, यी, यू — नक्षत्र विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा, चरण 4 1234 1234

**वृश्चिक**– सप्ताह में 5 से 9 जून के दिन 6/02 बजे तक दिनमान अनुकूल रहेगा। अभीष्ट सिद्धि हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। मित्रों एवं सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। लाभ का सिलसिला रहेगा। आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ होंगे। आपसी संबंधों में अत्यधिक प्रगाढ़ता रहेगी। संभावित यात्रा संतोषजनक रहेगा। तदनन्तर 11 के दिन 8/47 बजे तक ग्रह विपरीत रहेगा। घरेलू सुख में दिक्कतें रहेंगी। कर्ज अदायगी को लेकर परेशान रहेंगे। मित्र या स्वजन आश्वासन देकर पीछे हट जायेंगे। परिश्रम का लाभ नहीं मिल पायेगा। विवाद संभव है। शेष समय में कार्यों में सफलता मिलेगी। समझदारी से लिया गया निर्णय भाग्य के पक्ष में रहेगा। शुभ समाचार मिलने को होंगे। लाभ की स्थिति रहेगी।



ये, यो, भा भी, भू, धा फा, ढ़ा, ढ़े — नक्षत्र मूल पू.षा. उ.षा., चरण 1234 1234 1

**धनु**- सप्ताह में 5 से 11 जून के दिन 8/47 बजे तक ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में रहेगी। पुरुषार्थ के प्रति रुचि रहेगी। पारिवारिक वातावरण से सुख शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। व्यवसाय में सुधार होगा। आपसीजनों से ताल-मेल बना रहेगा। भविष्य के लिए योजना बनेगी। निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि रहेगी। शत्रु परास्त होंगे। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। सत्संग से आत्मिक शांति की अनुभूति होगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा होगी। शेष समय विपरीत रहेगा। कार्य-व्यवसाय-अर्थ पक्ष में निराशा होगी। मित्रों से निराशा उपस्थित होगी। धन सम्पत्ति विषयक मसला उलझेगा। किसी से विवाद की आशंका रहेगी। सुख के साधन में कमी महसूस होगी।



भो, जा, जी खी, खू, खे खो, गा, गी — नक्षत्र उ.षा. श्रवण धनिष्ठा, चरण 234 1234 12

**मकर**- सप्ताह में 5 व 6 जून को निराशा की स्थिति रहेगी। स्वास्थ्य में व्यतिक्रम रहेगा। विरोधी हानि पहुँचाने की कोशिश करेंगे। व्यापार में निराशा के दौरान गुजरना पड़ेगा। दूसरों की भूल से स्वयं को नुकसान उठाना पड़ेगा। क्रोध की अधिकता रहेगी। वाहन से चोट-चपेट दुर्घटना भी संभव है। 7 से 11 जून तक समय संतोषजनक रहेगा। कुछेक समस्याएँ सुलझने को होगी। आत्मीयजनों का व्यवहार आशानुकूल रहेगा। परिवार में सुख के जरूरी साधन समय पर सुलभ हो जायेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक क्रिया-कलापों में वृद्धि होगी। विरोधी परास्त होंगे। प्रियजन एवं स्वजन के माध्यम से बकाए रकम की प्राप्ति। व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। दूर या समीप की यात्रा।



गू, गे, गो, सा, सी, सू से, सो, दा — नक्षत्र धनिष्ठा शतभिषा पू.भाद्रा, चरण 34 1234 123

**कुंभ**-सप्ताह में 5 व 6 जून को कार्य-सिद्धि का प्रयास होगा। चिरवांछित कार्य बनने को होंगे। किसी पुराने विवाद का समापन पक्ष में होगा। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुपरिणाम मिलेगा। सत्संग से आत्मिक शांति मिलेगी। 9 के दिन 6/02 बजे तक कठिनाइयाँ रहेगी। प्रगति में व्यवधान रहेगा। धनागम में निराशा की स्थिति रहेगी। अकेलेपन की अनुभूति होगी। व्यावसायिक क्षेत्र में असफलता मिलेगी। व्यर्थ भ्रमण से समय नष्ट होगा। शेष 11 जून तक समय भाग्य के अनुरूप रहेगा। बकाये रकम की प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। विविध पक्षों में सफलता का सुअवसर प्राप्त होगा। प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझेगा। आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा।



दी, दू, थ, -ा, भ, दे, दो, चा, ची — नक्षत्र पू.भा. उ.भा. रेवती, चरण 4 1234 1234

**मीन**- सप्ताह में 5 से 9 जून के दिन 6/02 बजे तक ग्रहस्थिति बेहतर रहेगा। विचाराधीन योजना को साकार रूप में परिणित कर सकेंगे। सुपरिचितों के माध्यम से परेशानियों का समापन होगा। व्यक्तित्व का विकास होगा। लाभ भी होगा। पठन-पाठन में अभिरुचि रहेगी। परोपकार की भावना जागृत होगी। मौज मस्ती के निमित्त व्यय होगा। स्वाध्याय की ओर रुझान रहेगा। आत्मिक शांति मिलेगी। तत्पश्चात् 11 के दिन 8/47 बजे तक असफलता हाथ लगेगी। आरोप-प्रत्यारोप का सामना करना पड़ेगा। मित्रों से गलतफहमी होगी। वैवाहिक जीवन असंतोषजनक रहेगा। किसी से धोखा की आशंका रहेगी। सजगता जरूरी है। शेष समय अनुकूल रहेगा। शारीरिक-मानसिक कष्ट में कमी महसूस होगी।

**व्रत-त्यौहार :-** सोमवार, 5 जून-श्री गुरु गोविन्द सिंह का जन्मदिवस। बुधवार, 7 जून-संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी व्रत। शनिवार, 10 जून-कालाष्टमी। रविवार, 11 जून-श्री शीतलाष्टमी व्रत।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

सम्पादक की क़लम से

## विदेश मंत्री और राहुल गांधी

विदेश मन्त्री एस जयशंकर ने राहुल गांधी की विदेश में की गयी टिप्पणियों पर किए गए सवाल के जवाब में कहा कि एक लोकतांत्रिक देश में सबकी सामूहिक ज़िम्मेदारी, राष्ट्रीय हित, सामूहिक छवि होती है। कुछ चीजें राजनीति से ऊपर उठकर होती हैं। जब आप देश के बाहर कदम रखते हैं, तो आपको यह बातें ध्यान में रखनी चाहिएं। उन्होंने कहा, मैं किसी के साथ अपनी अलग राय रख सकता हूं और मैं उनसे अलग राय रखता हूं, लेकिन मैं इसका जवाब कैसे दूंगा, तो मैं घर जाऊंगा और जवाब दूंगा। जब मैं वापस जाऊंगा, तो आप मुझे देखिएगा। इन दिनों न्यूज चैनलों की शाम राहुल की विदेश में कही गयी बातों पर बेकार बहस करवाकर ही कट रही है। कांग्रेसी वक्ता, राहुल गांधी को मोदी से बहुत बड़ा नेता साबित करने में लगे हुए हैं, जबकि भाजपाई कह रहे हैं कि राहुल गांधी विदेश में जाकर देश विरोधी तत्वों का खिलौना बने हुए हैं। उन्हें नहीं पता कि वे क्या कह रहे हैं और क्यों कह रहे हैं। राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका में हैं, जहां वे प्रधानमन्त्री मोदी को घेर रहे हैं। इसे लेकर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन पर निशाना साधा है। जयशंकर ने कहा कि मैं विदेश यात्रा के दौरान राजनीतिक बहस नहीं करूंगा। भारतीय विदेश मन्त्री इस समय ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने दक्षिण अफ्रीका पहुंचे हैं। जयशंकर केप टाउन में भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनकी अमेरिका यात्रा को लेकर सवाल किया। शख्स ने कहा कि अमेरिका में 'किसी' की टिप्पणी पर उन्हें क्या कहना है तो जयशंकर ने कहा, देखिए, मैं अपने लिए बात कर सकता हूं। मैं कोशिश करता हूं कि जब विदेश जाऊं तो राजनीति न करूं। अगर मुझे बहस करनी होगी, तो मैं अपने देश में करूंगा। एस जयशंकर के इस जवाब को सराहा जा रहा है। राहुल गांधी विदेशी धरती पर कुछ ज्यादा ही खुलकर बात करते हैं। राहुल गांधी इस यात्रा के दौरान भी अपने बयानों को लेकर चर्चा में हैं। राहुल को लगता है कि विदेश में जाकर बोलने से डबल फायदा होता है। विदेशी मीडिया भी कवर करता है और देसी मीडिया तो करेगा ही। राहुल ने कहा था कि भारत में कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्हें लगता है कि वो सब कुछ जानते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी भगवान को भी समझा सकते हैं। इस बयान का विदेश में भी चर्चा हुआ और देश में भी। राहुल ने अमेरिका में कहा कि कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने सारे उपाय किए। उनके पास मीडिया था, हमारे मुकाबले 10 गुना ज्यादा पैसे थे, एजेंसियां थी, लेकिन उसके बावजूद हमने उन्हें हरा दिया। कर्नाटक में जिस तरह से कांग्रेस ने भाजपा को धूल चटाई है, उसी तरह से तेलंगाना और अन्य राज्यों में भी कांग्रेस, भाजपा को हराएगी। राहुल गांधी ने कहा कि न सिर्फ कांग्रेस पार्टी बल्कि देश के लोग भाजपा की नफरत भरी विचारधारा को हराएंगे। वॉशिंगटन और सैन फ्रांसिस्को के बाद राहुल गांधी न्यूयॉर्क पहुंचे। वहां इंडियन ओवरसीज कांग्रेस-यूएसए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि हमने कर्नाटक में यह करके दिखाया है कि हम भाजपा को हरा सकते हैं। हमने न सिर्फ भाजपा को हराया, बल्कि उसे धूल में मिला दिया। मैं बताना चाहता हूं कि अब तेलंगाना के चुनाव में भी हम उन्हें हराएंगे। राहुल ने 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष एकजुट है और ज़मीन पर काफी अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक छिपा हुआ अंडर करंट पैदा हो रहा है और यह अगले लोकसभा चुनाव में लोगों को आश्चर्यचकित करेगा। राहुल गांधी वाशिंगटन डीसी में नेशनल प्रेस क्लब पहुंचे थे। यहां उनसे सवाल जवाब किए गए। इस दौरान राहुल से विपक्ष को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अगले दो साल में कांग्रेस पार्टी बहुत अच्छा करेगी। मुझे लगता है कि ऐसा होगा। राहुल ने मुस्लिम लीग को धर्मनिरपेक्ष पार्टी बताया है। इसे लेकर बीजेपी ने राहुल पर पलटवार किया है। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने कहा कि जो मुस्लिम लीग पार्टी देश के बंटवारे के लिए जिम्मेदार है, वह राहुल गांधी के मुताबिक सेक्युलर पार्टी है। मालवीय ने कहा कि वायनाड में स्वीकार्यता बनाए रखने के लिए यह उनकी मजबूरी है। आज राहुल गांधी वाशिंगटन डीसी में नेशनल प्रेस क्लब पहुंचे थे। यहां उनसे सवाल जवाब किए गए। राहुल गांधी से पूछा गया था कि क्या केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग से कांग्रेस का गठबंधन धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ नहीं है? इसी के जवाब में राहुल ने कहा, मुस्लिम लीग के साथ धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ जैसी कोई बात नहीं है। मुझे लगता है कि जिस व्यक्ति ने यह सवाल भेजा है, उसने मुस्लिम लीग को ठीक से पढ़ा नहीं है। केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा है। इससे पहले राहुल ने गुरुनानक देव पर विवादित टिप्पणी कर दी, कहा कि वो थाईलैंड गए थे। इस बयान को लेकर राहुल की खिल्ली उड़ाई गई। राहुल गांधी ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में दिए एक भाषण में गुरु नानक देव की यात्राओं का ज़िक्र करते हुए दावा किया कि वो थाईलैंड गए थे। राहुल गांधी के भाषण का ये हिस्सा सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने लगा। बीजेपी के नेता और दूसरे सोशल मीडिया यूजर उनकी जानकारी पर सवाल उठाने लगे। कुछ लोग उन्हें 'ट्रोल' भी करने लगे। राहुल गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' का ज़िक्र किया। राहुल गांधी ने कहा,भारत जोड़ो एक आइडिया है, जो आपके दिलों में है। ये एक दूसरे को सम्मान देने के बारे में है और एक दूसरे से लगाव रखने के बारे में है। ये एक दूसरे के प्रति हिंसक न होने के बारे में है। गुरु न दिखाने के बारे में है। राहुल गांधी ने कहा, मैं यहां अपने सिख भाईयों को देख रहा हूं। आपके गुरु नानक जी का पूरा जीवन इसी के लिए था। वो बात थी, विनम्र रहो, स्नेह करो, गुरु नानक जी की तुलना में हम कुछ नहीं चले। राहुल भारत जोड़ो यात्रा को गुरु नानक देव जी की यात्राओं से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने गुरु नानक देव की थाईलैंड यात्रा को लेकर दावा किया। राहुल गांधी ने कहा,मैंने कहीं पढ़ा था कि गुरु नानक जी मक्का, सऊदी अरब गए थे। वो थाईलैंड गए थे, वो श्रीलंका गए थे।ये बड़े लोग हमारे पैदा होने के काफी पहले "भारत जोड़ो" कर रहे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का ये बयान सामने आते ही सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कुछ लोगों ने उनके बयान को लेकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी से सवाल किया, "क्या गुरुनानक देव थाईलैंड गए थे और भारत जोड़ो यात्रा की थी"।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"हक़ीक़त" "मुक़द्दर" "फ़ितरत" "दिशाएं"

इशारों में छुपा है सब, हक़ीकत भी मुक़द्दर भी,  
पतंग की उम्र कितनी है, हवाएं बोल देती हैं।  
भटकना अपनी फ़ितरत है, बहकना अपनी फ़ितरत है,  
नहीं तो पाँव रखते ही दिशाएं बोल देती हैं।

## मशीन से मिट्टी का सीना छलनी करने पर खनन विभाग की कार्रवाई

कांधला, 04 जून (बु.)। खनन निरीक्षक ने मिट्टी का अवैध खनन की सूचना पर सख्त कार्रवाई की। टीम को मौके पर मिली रैपर मशीन को सीज कर पुलिस को सौंप दिया गया। मिट्टी खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। खेत लेवल करने के नाम पर इन दिनों मिट्टी खनन का गोरख धंधा जोरों पर चल रहा है। मिट्टी खनन माफिया मशीन लगाकर धरती का सीना छलनी कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। खनन माफियाओं के वाहन खेतों से मिट्टी का खनन कर पूरे दिन सड़कों फर्राटा भरते देखे जा रहे हैं, लेकिन इन पर न तो कोई कार्रवाई हो रही है और न ही खनन रुक रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को मामले की शिकायत करते हुए मिट्टी खनन को रोकने की मांग की गई थी। प्रशासन के निर्देश पर खनन विभाग अवैध मिट्टी खनन को लेकर हरकत में आया। शनिवार को थाना क्षेत्र के निकट रात में मिट्टी का खनन होने की सूचना किसी व्यक्ति द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई थी, जिसमें खनन माफिया रेफर मशीन लगाकर धरती के सीने को छलनी करने में लगे हुए थे। खनन विभाग की टीम वह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की तो खनन माफिया मौके पर रैपर मशीन व ट्रैक्टर को छोड़कर मौके से हो गए। खनन विभाग की टीम मशीन व ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले आई। घटना के संबंध में खनन अधिकारी वशिष्ट यादव निर्देश पर खनन रेपर मशीन पर सीज की कार्रवाई की गई। प्रशासन की कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुई।

## नगर पंचायतकर्मी से बाइक लूटी

पुरकाजी, 04 जून (बु.)। नगर पंचायत में तैनात सफाई नायक से दिन दहाड़े तीन बदमाशों ने मारपीट कर बाइक लूट ली। पुलिस व चेयरमैन ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली। धमात गांव निवासी रविकांत पुत्र सतपाल गुर्जर नगर पंचायत में सफाई नायक है। रविवार दोपहर रविकांत सेठपुरा राजवाहे की पटरी से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। रविकांत के अनुसार बीच रास्ते मे खड़े तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। पहले उन्होंनें धमात गांव का रास्ता पूछा। इसी बीच एक बदमाश ने रविकांत से मारपीट शुरू कर दी। दूसरे बदमाश ने तमंचा निकाला, तो रविकांत बाइक से कूदकर खेतों के रास्ते भाग खड़ा हुआ। बदमाश रविकांत की बाइक लेकर फरार हो गएं।

नगर पंचायत कर्मचारी से लूट होने का पता चलने पर चेयरमैन जहीर फारूकी भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने भी मौके का मुआयना किया। पुलिस और चेयरमैन ने पीड़ित के घर जाकर मामले की जानकारी ली। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से आरोपितों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।





## फॉर्मेसी के छात्र-छात्राओं को वितरित किए टेबलेट

मुजफ्फरनगर, 04 जून (बुस.)। श्रीराम कॉलेज ऑफ फामेर्सी के डी फार्मा के अंतिम वर्ष के छात्रों को उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत कॉलेज के 41 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर के ड्रग्स इंस्पेक्टर पवन कुमार शाक्या ने छात्रों को टैबलेट वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि टेबलेट का सदुपयोग शिक्षा के लिए करे। प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिकीकरण बहुत तेजी से हो रहा है। शिक्षा प्रदान करने के तरीके भी समय के साथ हाईटेक होते जा रहे हैं। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज ऑफ फामेर्सी के निदेशक डॉ. गिरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि तकनीकी सशक्तिकरण के द्वारा व्यक्तित्व का विकास एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उन्होंने छात्रों के कौशल भविष्य की तारीफ करते हुए उन्हें बधाइयां दी, साथ ही फामेर्सी के व्यापक क्षेत्र बारे में छात्रों को बताते हुए फामेर्सी के उज्जवल भविष्य से उन्हें अवगत कराया तथा उन्होंने छात्रों के परिश्रम की भी तारीफ की कहा कि परीक्षा कोई भी क्यों ना हो बिना कठिन परिश्रम के हम अच्छे परिणाम प्राप्त नहीं कर सकते। कार्यक्रम के अंत में श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल के द्वारा ड्रग्स इंस्पेक्टर पवन कुमार शाक्या को स्मृति चिन्ह भेंट की गई। इस मौके पर श्रीराम कॉलेज ऑफ फामेर्सी के शिक्षकगण सोनू, सबिया प्रवीना, मनोज गुप्ता, गौरव, उज्जवल, मुसय्यब खान, शिवम त्यागी, निधि शर्मा, तरन्नुम फातमा, अवनिका त्यागी, मनोज गुप्ता, सागर आदि मौजूद रहे।

## चेयरमैन ने दिया सबका साथ सबका विकास का आश्वासन



मुजफ्फरनगर, 04 जून (बु.)। अमित विहार वार्ड एक में घनश्याम दास अग्रवाल के आवास पर नगर पालिका की नव निर्वाचित चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप उनके पति गौरव स्वरूप व नगर पालिका के शामली चेयरमैन अरविन्द संगल का भी नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस बीच समाज की ओर से जनता के प्रतिनिधि के रूप में सोहन लाल एड. ने कहा कि गांव कूकडा इस बार वार्ड बनकर क्षेत्र के साथ जुड़ा है। ग्रामीण अंचल में रहते हुए विभिन्न सुविधाओं से लंबे समय से वंचित है। सड़क से लेकर पानी, सफाई, नाले के टूटे किनारे एवं सुलभ शौचालय जैसी तमाम समस्याएं हैं जिनसे जनता निजात पाना चाहती है। इस बीच पदम सेन बंसल, भाजपा नेता संजय अग्रवाल एवं सुनील तायल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप व अरविंद संगल ने आरएसएस के वरिष्ठ समर्पित कार्यकर्ता श्याम सुंदर दास का अभिनंदन किया। मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि जनता का स्नेह जो जीत के रूप में मिला है, वह उनके लिए अमूल्य धरोहर है और उस जीत की पूरी कीमत जनता के कार्य कर चुकाएंगी। इस दौरान गौरव स्वरूप ने कहा कि पालिका अपनी आय बढ़ाने का साधन नहीं, अपितु वह जनता की सेवा के लिए योजना बनाने के साथ उन्हें लागू करने का एक तंत्र है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारा नैतिक धर्म है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र की विभिन्न अधूरी योजनाओं व रूके हुए कार्यों को पूरा कर जनता के हित में जनता की सुविधा के लिए खड़ा करना है। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन शामली अरविन्द संगल ने कहा कि हमारा कार्य निष्पक्ष, निस्वार्थ, भ्रष्टाचार रहित होना चाहिए। उन्होंने कहा की जनता हमारे लिए जनार्दन का रूप होना चाहिए। इस दौरान वार्ड 1 के सभासद पति ललित, वार्ड 17 के सभासद प्रशांत गौतम, वार्ड 30 के नवनीत गुप्ता ने भी अपने क्षेत्र के विकास का आश्वासन दिया। मंच संचालन हरिऔम गणपति सहस्त्रबुद्धे प्रधानाचार्य ने किया। इस दौरान पराग मित्तल, जय भगवान बंसल, अनिल गर्ग, मनीष गुप्ता, विपिन गोयल, गौरव गोयल, अभिषेक, चंपत राठी, सहदेव राठी, सचिन राठी, दिनेश राठी, धीरेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा, सत्यनारायण बंसल, कौशल आर्या प्रधानाचार्य, अश्वनी रूहेला, कुबेर चंद अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, मयंक, मनोज, अनुज, शिवम, निरूपमा, अनिका जैन, सुधा, शालू आदि मौजूद रहे।





## रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर चेंबर में मंडल अध्यक्ष की अधिकारिक यात्रा सम्पन्न



मुजफ्फरनगर, 04 जून (बुस.)। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर चेंबर में मंडल अध्यक्ष की अधिकारिक यात्रा का स्थानीय रेस्टोरेंट पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रो. दिनेश कुमार शर्मा, असिस्टेंट गवर्नर अनिल प्रकाश बसल तथा असिस्टेंट गवर्नर ऑफिशियल विजिट संजीव बंसल ने भाग लिया क्लब के सदस्य रो. मनोज सेठी ने वर्तमान सत्र में किए गए कार्यों की पूरी रिपोर्ट सदन के सामने प्रस्तुत की। मंडल अध्यक्ष ने रोटरी चैंबर द्वारा किए गए सेवा कार्य की प्रशंसा की। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर चैम्बर के सदस्यों की आपस की आत्मीयता देखते ही बनती है। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार 27 वर्षों से लगातार यह क्लब एक्टिव रहा है। मंडलाध्यक्ष के आह्वान पर रोटरी चैम्बर के सदस्यों ने लगभग एक लाख का सहयोग रोटरी फाउंडेशन में दिया। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर चेंबर के अध्यक्ष रो. भारत भूषण अग्रवाल ने मंडल अध्यक्ष और सह मंडल अध्यक्ष के निर्देशों का पालन करने की बात कही तथा उन्हीं के आह्वान पर यह धन सभा में तत्काल एकत्र क्रिया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर चेंबर के 36 सदस्य उपस्थित थे। सभा का संचालन वरिष्ठ सदस्य अनिल सोबती द्वारा किया गया। आस्थाओं का पाठ रो. संदीप कुच्छल द्वारा किया गया। समयबद्धता पुरस्कार के विजेता रो. तेजराज गुप्ता रहे। वरिष्ठ सदस्यों द्वारा मंचासीन अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभा की समाप्ति राष्ट्रीय गान के साथ हुई।

## भाकियू का धरना छठे दिन भी जारी रहा

बुढ़ाना, 04 जून (बु.)। भसाना शुगर मिल के मुख्य द्वार पर भारतीय किसान यूनियन के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का धरना आज रविवार को छठे दिन भी जारी रहा। आज धरने पर किसानों द्वारा तीन कूलर लगा दिए गये, ताकि धरनारत गन्ना किसानों को भयंकर गर्मी में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो। यहां पर मौजूद भाकियू के तहसील अध्यक्ष अनुज बालियान ने कहा कि बड़े ही शर्म की बात है कि मिल मालिक बड़े आराम से एसी में बैठे हुए हैं और इस क्षेत्र का किसान जिनका शुगर मिल मालिकों पर करोड़ों रुपया बकाया है वे भरी दुपहरी में अपने बीवी बच्चों का साथ छोड़कर धरना देने पर मजबूर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि शुगर मिल के कानों पर किसी भी तरह की जूं तक नहीं रेंग रही है। अगर किसानों के सब्र का बांध टूट गया तो ये मिल यहां पर नहीं रहेगा। उन्होंने धरने पर मायूस बैठे किसानों को आश्वस्त किया कि उनको घबराने की कोई भी जरुरत नहीं है। हम बिना पेमेंट्स लिए यहां से उठने वाले नहीं हैं। इस दौरान भाकियू ब्लाक अध्यक्ष संजीव पंवार, भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार इदरीशी, तैमूर अली राणा मंदवाडा, धीर सिंह, विकास त्यागी अलीपुर अटेरना, प्रविंदर तोमर मदीनपुर खिजरपुर और सोनू सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक सवार घायल

जानसठ, 04 जून (बु.)। पानीपत खटीमा राजमार्ग पर गांव कवाल के पास बाइक फिसलने से युवक घायल हो गया। रविवार को देवबंद निवासी इकराम पुत्र सलीम बाइक द्वारा मुजफ्फरनगर से अपनी रिश्तेदारी मीरापुर में जा रहा था। पानीपत खटीमा राजमार्ग पर गांव कवाल के पास अचानक बाइक फिसलने से सड़क पर गिरकर इकराम घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

## बदरीनाथ धाम पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री, कहा- तीर्थस्थलों को पिकनिक स्पॉट न बनाएं लोग

चमोली, 4 जून (एजेंसी)। बागेश्वर धाम के मुखिया पंडित धीरेंद्र शास्त्री का कड़ी सुरक्षा के बीच बदरीनाथ धाम पहुंचने पर धीरेंद्र शास्त्री का मंदिर समिति की ओर से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान बदरीनाथ का आशीर्वाद लिया। विशेष चार्टड प्लेन से सुबह देहरादून जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट से वो कड़ी सुरक्षा के बीच बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। धीरेंद्र शास्त्री विशेष विमान में सवार होकर सुबह 11 बजे एयरपोर्ट पहुंचे थे। रविवार सुबह एयरपोर्ट पर उनके पहुंचते ही उनके साथ फोटो खिंचवाने को भीड़ उमड़ पड़ी, लेकिन उनकी कड़ी सुरक्षा के कारण कुछ लोग ही उनके साथ फोटो खिंचवा पाए। जिसके बाद वह एयरपोर्ट से रवाना हो गए। उनके कार्यक्रम को गोपनीय रखा गया था। जिस कारण उनके एयरपोर्ट आने के बाद ही एयरपोर्ट कर्मियों को पता चला। धाम में पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि बदरीनाथ धाम धरती का बैकुंठ है। यहां भगवान बदरीनाथ के साथ ही पवित्र साधु-संतों के भी दर्शन होते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि तीर्थों को पवित्र और गरिमा बनाए रखें। तीर्थों को पिकनिक और प्रदर्शन का स्थल न मानकर दर्शन का स्थल मानें। यहां आकर आत्म अनुभूति करें, गुरु मंत्र का जप करें। उन्होंने कहा तन की शुद्धि होती है स्नान से, मन की शुद्धि तीर्थ में कथा सुनने से और धन की शुद्धि दान से होती है।

## हेमकुंड साहिब मार्ग पर टूटकर आ गिरा ग्लेशियर

चमोली, 4 जून (एजेंसी)। हेमकुंड साहिब मार्ग पर रविवार को ग्लेशियर खिसकने से हादसा हो गया। अंतिम जत्थे में शामिल छह तीर्थयात्री हेमकुंड साहिब से समय पर निकल गए थे, लेकिन अधिक थकान होने के कारण शाम 6 बजे अटलाकुड़ी तक ही पहुंच पाए। जिस वक्त तीर्थयात्री ग्लेशियर प्वाइंट से गुजर रहे थे, अचानक बर्फ खिसककर मार्ग पर आ गई। जिससे तीर्थयात्री बर्फ के बीच में फंस गए। एसडीआरएफ के जवानों ने मौके पर पहुंचकर पांच तीर्थयात्रियों को बर्फ से निकाल लिया। जबकि अमृतसर निवासी 37 वर्षीय कमलजीत कौर लापता हो गई। बता दें कि हेमकुंड साहिब में तीर्थयात्रियों के लिए रात्रि विश्राम की सुविधा नहीं है। प्रतिदिन तीर्थयात्री यात्रा के बेस कैंप घांघरिया से छह किलोमीटर की पैदल यात्रा कर हेमकुंड साहिब पहुंचते हैं। हेमकुंड सरोवर में स्नान कर गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद वापस लौट आते हैं। प्रतिदिन गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के सेवादारों की ओर से लाउडस्पीकर से तीर्थयात्रियों को वापस लौटने की अपील की जाती है। रविवार को भी ऐसा ही हुआ, लेकिन अंतिम जत्थे में शामिल ये तीर्थयात्री पैदल दूरी अधिक होने के कारण बेहद धीमी गति से चल रहे थे। वहीं, हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा पर जाने वाले और लौटने वाले तीर्थयात्री अक्सर अटलाकुड़ी में ग्लेशियर प्वाइंट पर फोटो खिंचवाने के लिए रुक जाते हैं। यहां तैनात एसडीआरएफ के जवान तीर्थयात्रियों को रुकने नहीं देते हैं, लेकिन तीर्थयात्री ग्लेशियर के इर्द-गिर्द फोटो खिंचवाते रहते हैं।

## पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के नेतृत्व में सैंकड़ों लोग सोनीपत रवाना

बुढ़ाना, 04 जून (बु.)। स्थानीय ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के नेतृत्व में आज रविवार की सुबह लगभग आठ बजे दो दर्जन से भी अधिक बुलेरो कार बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों रालोद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से भरकर हरियाणा प्रदेश के जनपद सोनीपत की तहसील गोहाना के गांव मुडलाना में महिला पहलवानों के समर्थन में पहुंची। हरियाणा जाने से पहले पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने बताया कि डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के आंदोलन के समर्थन में हरियाणा में आज एक और बड़ी महापंचायत चल रही है, जिसमें भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी, पूर्व गर्वनर सत्यपाल मलिक, रालोद सुप्रीमो जयन्त सिंह चौधरी, यूपी के विधायक प्रदीप चौधरी, गुलाब अहमद और पहलवान बजरंग पूनिया सहित कई हस्तियां शामिल होंगी। इस दौरान पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के साथ जाने वालों में सहकारी समिति के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सहरावत, बालकिशोर त्यागी, संयम पंवार, नियम पंवार, अभिषेक पंवार, सत्यपाल सहरावत, बिल्लू प्रधान व जितेंद्र मलिक आदि मौजूद थे।

## महामंडलेश्वर यतीन्द्रनंद गिरी जी ने विजय वर्मा को उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया





मुजफ्फरनगर, 04 जून (बुस.)। विजय वर्मा (जिलाध्यक्ष भारत तिब्बत सहयोग मंच एवं जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा) के आवास पर महामंडलेश्वर श्री यतींद्रनंद गिरि जी महाराज ने आकर संगत को आशीर्वाद स्वरूप प्रवचन दिए, जहां जिलाध्यक्ष भाजपा विजय शुक्ला, डॉ. देवेंद्र मलिक, डॉ. हेमंत, विकास स्वरूप, विवेक कपूर, उपाध्यक्ष विजेंद्र पाल, जिला मंत्री रेणु गर्ग, सुदर्शन सिंह बेदी, पूर्व सभासद प्रेमी छाबड़ा, व्यापारी नेता राहुल गोयल, अशोक डोडा, प्रमोद अरोड़ा, विनोद डावर, जुगल खत्री, राकेश हुड़िया, कपिल पाल, अंकित उप्पल आदि लोगों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और वहां उपस्थित सभी साध-संगत ने महाराज जी के समक्ष अपने प्रश्न एवं समस्या रखें, जिसका उत्तर महाराज जी ने बखूबी देकर सबको ज्ञान का भंडार बाटा। कार्यक्रम में अमित अरोड़ा, अनिल आहूजा, रितेश नागपाल, सतीश कुकरेजा, विमल मदान, प्रशांत मक्कड़, ज्ञान जुनेजा, राजेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने चोरी की बाइक सहित चोर दबोचा

बुढ़ाना, 04 जून (बु.)। चोरी की एक बाइक के साथ स्थानीय पुलिस ने चोर को भी गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सीओ विनय गौतम के पर्यवेक्षण में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुढाना कस्बा इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल नीरज त्यागी और कांस्टेबल प्रशांत यादव के सहयोग से गांव भसाना से एक संदिग्ध युवक को मय बाईक के रोककर पूछताछ की, तो उसने अपना नाम रफीक उर्फ टोफी पुत्र महफूज निवासी ग्राम सोरम थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध चाकू और जो बाईक वह प्रथम जांच में चोरी की निकली। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है और बाइक मालिक की तलाश शुरू कर दी है।



## नाले का निर्माण कार्य तेजी से चलाया

बुढ़ाना, 04 जून (बु.)। रविवार के दिन स्थानीय ब्लाक के गांव सफीपुर पट्टी में सफीपुर रोड पर नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सफीपर पट्टी में सफीपर रोड पर पानी की निकासी बरसात के दिनों में नहीं हो पाती थी और बारिश का पानी तालाब कि सूरत अख्तियार कर लेता था, जिसकी वजह से गांव सफीपुर पट्टी क्षेत्रवासियों को आने जाने मे बहुत ही बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी परेशानी को देखते हुए ग्राम पंचायत सफीपुर पट्टी के वार्ड नंबर 10 की सदस्या समीना बेगम पत्नी अफसर मंसूरी और समस्त सदस्यों ने बीते माह हुई एक मीटिंग में ग्राम प्रधान शोयब अख्तर के समक्ष नाले के निर्माण का प्रस्ताव रखा था, जिसको प्रधान शोयब अख्तर ने समस्त सदस्यों की सहमति से तुरंत प्रस्ताव पारित कर नाले के निर्माण का कार्य चालू करा दिया था, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई थी।

## शुकतीर्थ में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हुआ दसवां विशाल सत्संग भंडारा

भोपा, 04 जून (बु.)। पौराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित संत शिरोमणि सतगुरू रविदास सतगुरू समनदास महाराज आश्रम में स्वामी ज्ञानभिक्षुक दास महाराज की पुण्यतिथि पर दसवां सत्संग व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली आदि से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने सतगुरू समनदास महाराज की प्रतिमा को स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समापन पर प्रबंधक महात्मा गोरधनदास महाराज ने कहा कि सतगुरू रविदास के बताए मार्ग पर चलें और हर समय उनका स्मरण करें। हरियाणा यमुनानगर से आए श्रद्धादास महाराज ने कहा कि मनुष्य को हमेशा परोपकार के कार्य करने चाहिए। बुराई का अन्त भी बुरा होता है, इसलिए जितनी जल्दी बुराई छोड़ सकते हो छोड़ दो और महापुरुषों की शरण में पहुंचकर अच्छे कर्म करने में लग जाओ। सतगुरु





रविदास आश्रम कोड़ा नारायणगढ़ के प्रबंधक महात्मा राजकुमार दास ब्रह्मचारी, गुरुसेवक संदीपदास, परमाल सिंह, महात्मा नत्थादास, महात्मा अजय दास आदि ने भी संबोधित किया। सत्संग में पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली आदि से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने सतगुरू समनदास महाराज की प्रतिमा को स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन कर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। आश्रम के बाहर लगी साज श्रृंगार, खेल खिलौने, लकड़ी के सामान, बर्तन आदि की दुकानों पर श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी भी की। ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर गंगा घाट पहुंचे श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा मैया में स्नान कर पूजा अर्चना की। इसके बाद श्री शुकदेव आश्रम, हनुमतधाम, शिवधाम, गणेशधाम, पार्वती मंदिर, शनि धाम आदि में दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया।

## इमरान की मुश्किलें बढ़ीं: सैन्य अदालत में चलेगा पूर्व पीएम पर मुकदमा

इस्लामाबाद, 4 जून (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। अब देश के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नौ मई की घटनाओं में कथित संलिप्तता को लेकर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जा सकता है। नौ मई को उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानों पर हमला किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स में ख्वाजा आसिफ के हवाले से यह दावा किया गया है। इनमें कहा गया है कि अगर आने वाले दिनों में नौ मई की घटनाओं में इमरान की संलिप्तता के सबूत सामने आते हैं तो पूर्व पीएम पर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने यह भी साफ किया कि उन घटनाओं के संबंध में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख के खिलाफ अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह टिप्पणी गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह के बयान के बाद आई है। हाल ही में राणा सनाउल्लाह ने कहा था कि इमरान खान के खिलाफ सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि नौ मई को हुई हिंसक घटनाओं की योजना इमरान खान ने ही बनाई थी। वे उन हमलों के शिल्पी थे। इससे पहले, पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने यह कहा था कि क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान के खिलाफ सेना अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने के संबंध में कोई फैसला नहीं किया गया है। हालांकि उन्होंने इस संभावना से भी इनकार नहीं किया था कि नौ मई की हिंसा के पीछे इमरान खान का मास्टरमाइंड था। रक्षा और गृह मंत्रियों दोनों के बयानों ने अपने बयानों के जरिए यह संकेत दे दिया है कि इमरान खान और 9 मई को सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ करने वाले प्रदर्शनकारियों पर सेना अधिनियम और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। कई मंत्रियों ने इस संबंध में कहा है कि इन प्रदर्शनकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए कोई नई सैन्य अदालतें स्थापित नहीं की जाएंगी। हमलों के संदिग्धों पर विशेष स्थायी अदालतों में मुकदमा चलाया जाएगा जो पहले से ही सेना अधिनियम के तहत काम कर रहे थे। वहीं, इमरान खान ने हिंसा में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि जब यह घटनाएं हुईं तो वह जेल में थे। उन्होंने कहा है कि सत्ता प्रतिष्ठान उन्हें देशद्रोह के एक मामले में 10 साल तक जेल में रखने की योजना बना रहा है। दरअसल, 9 मई, 2023 को भ्रष्टाचार एक मामले में इमरान खान को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद देश भर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। खान को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट से गिरफ्तार किया था। अधिकारियों का आरोप है कि खान और उनकी पत्नी ने एक चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए एक रियल एस्टेट कारोबारी से रिश्वत के रूप में लाखों डॉलर की जमीन हासिल की।

## कुटेसरा में सात दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ होगा

चरथावल, 04 जून (बु.)। पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं राष्ट्र कल्याणार्थ गुरुकुल पब्लिक स्कूल कुटेसरा में सात दिवयीय महायज्ञ का आयोजन होगा। आयोजक स्कूल प्रबंधक सत्य प्रकाश त्यागी ने बताया पांच से 11 जून तक कार्यक्रम रहेगा। महायज्ञ के प्रथम दिन यज्ञ के ब्रह्मा कुलपति पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रोफेसर महावीर रहेंगे। गुरूकुल कांगडी विश्व विद्यालय हरिद्वार के कुलपति प्रोफेसर सोमदेव शतांशु उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि तथा समापन सत्र के मुख्य अतिथि पतंजलि विश्व विद्यालय हरिद्वार के कुलपति वैद्यराज आचार्य बालकृष्ण पधारेंगे।

## जागरूकता अभियान चलाया

चरथावल, 04 जून (बु.)। रोनी हरजीपुर में विश्व साईकिल दिवस पर बेटियों एवं बच्चों, आशा कार्यकर्ताओं, बुजुर्गो ने संयुक्त रूप से गांव में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। शनिवार को महाराणा प्रताप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रैली का शुभारंभ ग्राम प्रधान विनोद फौजी ने किया। उन्होंने साईकिल के फायदें बताएं और बच्चों के साथ खुद पूरे गांव में साईकिल से भ्रमण किया। सीएचओ जागृति पुंडीर, आशा पुष्पा एवं सीता, रामप्रसाद, सहदेव और सुनील आदि ने प्रतिभाग किया।

## शिक्षकों को मिली बड़ी राहत, एक से दूसरे जिले में तबादले 8 जून से

लखनऊ, 04 जून (एजेंसी)। यूपी सरकार ने लाखों शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए एक जिले से दूसरे में तबादले का रास्ता खोल दिया है। अब तीन साल बाद शिक्षक मनचाही जगह पर तैनाती पा सकेंगे। परिषदीय शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादलों को पा सकेंगे, यूपी सरकार ने लाखों शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए एक जिले से दूसरे में तबादले का रास्ता खोल दिया है। अब तीन साल बाद शिक्षक मनचाही जगह पर तैनाती पा सकेंगे। परिषदीय शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादलों की प्रक्रिया आठ जून से शुरू होगी। इसके साथ ही अंतर्जनपदीय म्युचुअल तबादले भी किए जाएंगे। इस बारे में प्रदेश सरकार ने नीति जारी कर दी है, साथ ही बेसिक शिक्षा परिषद ने भी सभी बीएसए को निर्देश जारी कर आगामी आठ जून से पोर्टल खोले जाने और सभी तैयारियां पूरी करने के लिए कहा गया है। इससे पहले 2019-20 में अंतर्जनपदीय तबादले हुए थे, तब से शिक्षकों को तबादलों का इंतजार था। इनकी संख्या लगभग 05 लाख 20 हजार है। बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी कर दिया। इसके साथ ही अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के आदेश जारी हो गए। इसके मुताबिक जिले में नियमित शिक्षिका के लिए दो साल व शिक्षक के लिए पांच साल की सेवा अवधि अनिवार्य होगी। जिले में स्वीकृत पद के मुकाबले 30 अप्रैल 2023 तक कार्यरत अध्यापकों की संख्या के दस प्रतिशत की अधिकतम सीमा तक अंतरजनपदीय तबादले होंगे। न्यायालय के आदेश के अनुपालन की बाध्यता के क्रम में केवल शिक्षिका जिनके द्वारा शादी के पूर्व तथा केवल असाध्य एवं गम्भीर रोग से पीड़ित शिक्षक/शिक्षिका (स्वयं अथवा पति-पत्नी एवं अविवाहित पुत्र पुत्री) जिनके द्वारा पूर्व में स्थानान्तरण का लाभ लिया गया है, ही दूसरी बार स्थानान्तरण के लिये अर्ह होंगे। सामान्य अध्यापक अध्यापिकाएं दूसरी बार पात्र नहीं होगी।

## मारपीट व फायरिंग में 4 के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

कैराना, 04 जून (बु.)। गाली-गलौच व मारपीट करने के साथ ही तमंचे से फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 4 आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव हिंगोखेड़ी निवासी संजय कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 2 जुन रात 9 बजे वह अपने साथी सुन्दर के साथ कसेरवा कला स्थित अपने खेत के टयूबवेल पर बैठ कर आवारा पशुओं से फसल की देखभाल कर रहे थे। इसी दौरान वहा पर अमित, मोनू, सोनू व हेमंत आये तथा लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह दोनों घायल हो गये। शोर मचाने पर अन्य किसान मौके पर आ गये, जिसके बाद आरोपियो ने तमंचे से 2 फायर किए तथा धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अमित, मोनू, सोनू व हेमंत निवासी हिंगोखेड़ी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## चोरी से काटे गये गेहूं के साथ आरोपी गिरफ्तार

कैराना, 04 जून (बु.)। चोरी से गेहू काटने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 20 मई को गांव दभेड़ी खुर्द निवासी सज्जाद आलम ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि तालिम निवासी बरनावी ने अकबरपुर के जंगल में 0.2733 हेक्टेयर भूमि उसे बेच दी थी, जिसका दाखिल खारिज भी हो गया था। उसने उक्त खरीदी गई भूमि पर गेहू की फसल बो रखी थी। 7 अप्रैल को तालिम ने चोरी से उसकी गेहू की फसल काट ली, जिसका पता चलने पर उसने डॉयल 112 को सूचना दी। डॉयल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, तो आरोपी गेहू छोड कर मौके से फरार हो गया था, जिसके बाद पुलिस ने 12 कुन्तल गेहू गांव के जिम्मेदार ग्रामीण की सपुर्दगी में दे दिया था। वहीं रविवार को पुलिस ने गेहू चोरी के आरोपी तालिम निवासी बरनावी को गिरफ्तार करने के साथ ही सपुर्दगी में दिया गया 12 कुन्तल गेहू भी अपने कब्जे में ले लिया।

## युवक ने पत्नी व ससुरालियों पर लगाया उत्पीडन, मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 04 जून (बु.)।** एक युवक ने पत्नी व ससुराल वालों के विरूद्ध उत्पीड़न, मारपीट व तोड़फोड़ के आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मौहल्ला जनकपुरी निवासी मोहित कुमार पुत्र पवन कुमार ने पुलिस में दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में बताया कि उसका विवाह बागपत जनपद के गांव बावला निवासी संगीता पुत्री प्रेम सिंह के साथ 28 दिसम्बर 2020 को हुआ था। आरोप है कि पत्नी व ससुराल वाले उसका उत्पीड़न करते थे और उसकी पत्नी अपने छह माह के पुत्र को लेकर अपने मायके जाकर रहने लगी। आरोप है कि उस पर तलाक देने का दबाव बनाया जा रहा था। आरोप है कि तलाक न देने पर विगत दो जून को संगीता अपने 11 परिजनों के साथ उसके घर पर आई और उसके, उसकी मां व मौसी के साथ मारपीट करते हुए घर में तोड़फोड़ की और उक्त लोग उसके भाई का अपहरण कर ले गये। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

## हरियाणा सीआईए ने पूछताछ के बाद बाइक मिस्त्री को छोडा

**कैराना, 04 जून (बु.)।** हरियाणा की सीआईए की टीम ने खैलकला निवासी बाइक मिस्त्री को किसी मामले में उठा लिया था, जिसके बाद अपहरण का शोर मचा था। वहीं बाद में हरियाणा सीआईए ने पूछताछ के बाद बाइक मिस्त्री को छोड दिया। शनिवार शाम हरियाणा की पानीपत सीआईए ने एसआई धर्मवीर के नेतृत्व में मौहल्ला खैलकला निवासी बाइक मिस्त्री इंतजार को उठा लिया था। परिजनो ने अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस को टवीट किया था। बाद में स्थानीय पुलिस द्वारा हरियाणा पुलिस से संपर्क किया गया था।

## कार सवारों ने की बकरी चोरी

**मुजफ्फरनगर, 04 जून (बु.)।** सैन्ट्रो कार सवार बदमाश एक व्यक्ति की बकरी चोरी कर ले गये। पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस में दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में मौहल्ला ईदगाह निवासी महबूब पुत्र जमील ने बताया कि सैन्ट्रो कार में सवार दो युवक उसके घर के बाहर बंधी बकरी कार में चोरी कर ले गये। बकरी चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## दिल्ली के मदरसे में लगी भीषण आग, दमकल की 17 गाड़ियां मौके पर

**नई दिल्ली, 4 जून (एजेंसी)।** दिल्ली के न्यू बृज पुरी इलाके में आग लगने की सूचना है। पुलिस ने बताया कि गली नंबर छह में स्थित एक मदरसे में आग लगने की सूचना मिली थी। आग पर काबू पाने के लिए मौके पर 17 दमकल की गाड़ियों को भेजा गया है। दमकल के अधिकारी ने बताया कि गली संकरी होने के कारण राहत कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आग पर काबू पाने के दौरान एलपीजी सिलेंडर फटने से एक दमकल कर्मी जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए हेडगेवार अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## योगी बोले- हर जरूरतमंद का होगा अपना पक्का मकान, जनता दर्शन में 400 लोगों की सुनी समस्याएं

**गोरखपुर, 4 जून (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवासविहीन हर जरूरतमंद को शासन की आवास योजना के दायरे में लाकर उसके लिए पक्के मकान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सीएम योगी ने ये निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आहूत जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।

## भूमियाधार के पास हादसा, खाई में गिरी यूपी के पर्यटकों की कार, एक की मौत

**नैनीताल, 4 जून (एजेंसी)।** नैनीताल भवाली मार्ग पर रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। भूमियाधार के पास कैंची धाम जा रहे पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। कार के खाई में गिरते ही परखच्चे उड़ गए। इस दौरान हादसे में एक पर्यटक की मौत हो गई। वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को हायर सेंटर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर यूपी निवासी अजय श्रीवास्तव अपने साथी ओमप्रकाश और शिवा सक्सेना के साथ कार से सुबह नैनीताल से कैंची धाम जा रहे थे। उनकी कार भूमियाधार के पास अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क से नीचे 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

## समर्थकों के सामने छलका डीके शिवकुमार का दर्द

**बेंगलुरू, 4 जून (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पहली बार सीएम की कुर्सी ना मिलने पर समर्थकों के सामने अपनी चुप्पी तोड़ी है। डीके शिवकुमार का कहना है कि अब वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ से बाहर हो गए है। अभी वह धैर्य रखेंगे। उनका कहना है कि कांग्रेस आलाकमान और कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें धैर्य रखने की सलाह दी है। शिवकुमार ने कहा कि उन्हें आलाकमान ने धैर्य रखने को कहा और इस फैसले के आगे मुझे झुकना पड़ा।

## मणिपुर हिंसा: तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन

**नई दिल्ली, 4 जून (एजेंसी)।** भारत सरकार ने मणिपुर में हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय लांबा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया। पूर्व आईएएस अधिकारी हिमांशु शेखर दास और पूर्व आईपीएस अधिकारी आलोक प्रभाकर भी आयोग में हैं। केंद्रीय गृहमंत्रालय ने अधिसूचना में कहा, 3 मई 2023 को मणिपुर राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क उठी और हिंसा के परिणामस्वरूप राज्य के कई निवासियों ने अपनी जान गंवा दी और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आगजनी के परिणामस्वरूप उनके घरों और संपत्तियों को जला दिया गया और उनमें से कई बेघर हो गए। अधिसूचना में आगे कहा गया, मणिपुर सरकार ने 29 मई, 2023 को न्यायिक जांच आयोग की स्थापना के लिए सिफारिश की, जो जांच आयोग अधिनियम, 1952 के प्रावधानों के तहत 3 मई, 2023 को और उसके बाद की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के कारणों और संबंधित कारकों की जांच करे।

# लाखों की चोरी के सदमे में अचेत हो गई महिला

**खतौली, 4 जून (बु.)।** कस्बे में आये दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। इसी कड़ी में बीती रात भी अज्ञात चोर दुर्गा पुरी स्थित एक मास्टर जी के बंद मकान के ताले तोड़ वहां से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गये। सुबह मकान के दरवाजे खुले देख कालोनी वासियों को चोरी की घटना का पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की गहनता से जांच पड़ताल की। पीड़ित वृद्ध शिक्षक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देते हुए घटना का खुलसा करने की मांग की हैं। चोरी की घटना के बाद कालोनी वासियों और परिवार के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार खतौली दुर्गा पुरी निवासी वृद्ध शिक्षक आरएल मेहता पुत्र सोहन लाल मेहता अपनी पत्नी कांता के साथ मकान बंद कर चार दिन पूर्व अपने बेटे से मिलने दिल्ली गए हुए थे। रविवार को सुबह कालोनी वासियों ने शिक्षक के मकान के दरवाजे खुले देखे तो उन्हें शक हुआ, जिसके बाद उन्हें चोरी की घटना का पता चला। इसके बाद मौहल्ले वालों ने पुलिस को

**▸ चार दिन से खाली पड़े घर में झाड़ू लगा गये चोर**


चोरी की घटना के बाद घर में अचेत पड़ी शिक्षक की पत्नी।

घटना की सूचना दी। पुलिस ने मकान मालिक की गैर मौजूदगी में मकान में जाकर घटना की जांच पड़ताल कर वीडियोग्राफी की। इसी दौरान पड़ोसियों ने वृद्ध शिक्षक को उनके मकान में चोरी होने की सूचना दी। सूचना के बाद वृद्ध दंपत्ति अपने बेटे के साथ खतौली अपने मकान पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने आने की सूचना पुलिस को दी। जैसे ही वृद्ध की पत्नी ने मकान में फैला समान और अलमारी खुली देखी, तो वह फूट-फूट कर रोने लगी। पीड़ित बेड पर अचेत हो गई। पड़ोस की महिलाओं ने शिक्षक की पत्नी को सांत्वना देते हुए शांत किया, जिसके बाद उन्होंने सेफ अलमारी की जांच पड़ताल की। आरएल मेहता ने बताया कि चोरों ने उनके मकान के ताले तोड़कर मकान के अंदर कमरे की विंडो उखाड़ने के बाद सेफ अलमारी के ताले तोड़े। चोरों ने वहां से लगभग 60 हजार रुपए की नकदी और लाखों की कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी किये। पीड़ित वृद्ध शिक्षक ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुए चोरी की घटना का जल्द खुलासा कर चोरी हुए जेवरात और नकद रुपए बरामद करने की मांग की। पिछले करीब एक माह में हुई आधा दर्जन चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने से पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती है।

# जूतों की माला डालने के प्रकरण में चार नामजद

**छपार, 04 जून (बु.)। पंचायत में युवक के गले में जूतों की माला पहनाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट कर दी है। पीड़ित की पत्नी ने चार लोगों को नामजद कराया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।**

**उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के गांव मरगूब दीदाहेडी निवासी शाहिदा पत्नी अफ्जाल ने बताया कि उसके पति ने भैंसरहेड़ी निवासी असद पुत्र अफसर अली की पुत्री का रिश्ता कराया था। किसी ने दूल्हा पक्ष को लड़की के बारे में गलत जानकारी देकर रिश्ता तुड़वाने का प्रयास किया। लड़की के स्वजन ने अफ्जाल पर झूठी सूचना देने का आरोप लगाया। इस बात को तस्दीक करने के लिए गत माह असद उसके शौहर अफ्जाल को भैंसरहेडी ले गया। गांव में जाकिर के मकान पर मौजूद कुछ लोगों ने अफ्जाल को जबरन झूठा साबित कर**

**▸ पीड़ित की पत्नी ने छपार थाने में एफआईआर दर्ज कराई**

**दिया। पंचायत में मौजूद मुंतजिर पुत्र इसराइल, जाकिर पुत्र जीकरू, वसीम पुत्र सरफराज तथा असद पुत्र अफसर निवासीगण गांव भैंसरहेडी ने पति के साथ मारपीट की तथा गले में जूतों की माला पहनाकर बेइज्जत किया। आरोपित यहीं नहीं रूके, इस मामले की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। बताया कि घटना से शौहर को बहुत शर्मिंदगी उठानी पड़ी, जिससे वह डिप्रेशन में है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।**

## छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना से रोष

**भोपा, 04 जून (बु.)।** दूसरे सम्प्रदाय के युवक द्वारा बीएड की छात्रा के साथ छेड़छाड़ को लेकर तनाव व्याप्त हो गया। पीड़ित पक्ष के व्यक्तियों ने थाने आकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए हिरासत में लिया है। भोपा थाना क्षेत्र के व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री बीएड की पढ़ाई करने के लिये कॉलिज जाती है। गाँव का ही युवक उसका पीछा करता है। युवक रास्ते मे उसे अश्लील कमेन्ट करता है। आरोपी ने किसी प्रकार छात्रा का मोबाईल नम्बर भी जान लिया तथा आरोपी छात्रा के मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल करने लगा। नम्बर ब्लॉक करने पर आरोपी ने अन्य नम्बर्स के द्वारा कॉल करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने आरोपी युवक से कॉल करने से मना किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे छात्रा डर गयी। छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना से रोष व्याप्त हो गया। पीड़िता की शिकायत पर डायल 112 पुलिस ने आरोपी आदिल को हिरासत में लेकर थाने पहुँचाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि आरोपी आदिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# ट्रेन दुर्घटना पर रेल मंत्री ने की सीबीआई जांच की सिफारिश

**नई दिल्ली, 4 जून (एजेंसी)।** ओडिशा के बालासोर के बहनागा बाजार में शुक्रवार को हुए रेल हादसे केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन हादसे की सीबीआई जांच की सिफारिश की है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अब तक जो जानकारी मिली है उसके बाद रेलवे बोर्ड की तरफ से इस मामले की उच्चजांच की सिफारिश की गई है। वैष्णव ने बताया कि दो लाइन में पटरी की मरम्मत का काम लगभग हो गया है। इस हादसे में जिन लोगों की मृत्यु हुई है उनके परिवार से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड की तरफ से इस मामले की उच्चजांच की सिफारिश की गई है। हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 275 तक पहुंच गई है। 1175 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया, इनमें से 793 को छुट्टी दे दी गई और 382 का इलाज चल रहा है। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना को लेकर विपक्ष ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी मामले में रेल मंत्री का इस्तीफा मांगा है। इस बीच केंद्रीय मंत्रियों की टीम ओडिशा में लगातार कैंप कर हालात को संभालने की कोशिश में जुटी है।

## रेलवे ने ट्रेन ड्राइवर को दी क्लीनचिट

भुवनेश्वर रेलवे ने रविवार को ड्राइवर की गलती और सिस्टम में खराबी से एक तरह से इनकार किया और संकेत दिया कि ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना के पीछे इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में संभावित तोड़फोड़ और छेड़छाड़ हो सकती है। इस हादसे में कम से कम 288 लोगों की मौत हो गई। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश की है। रेल मंत्री ने कहा कि दुर्घटना के मूल कारण और इसके लिए जिम्मेदार अपराधियों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने बालासोर जिले में दुर्घटनास्थल पर मीडिया से बातचीत में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और प्वाइंट मशीन में किए गए बदलाव के कारण ऐसा हुआ। इसे फेल सेफ सिस्टम कहा जाता है, इसलिए इसका मतलब है कि अगर यह फेल भी हो जाता है तो भी सारे सिग्नल लाल हो जाएंगे और सभी ट्रेनों का परिचालन रुक जाएगा।मंत्री ने कहा कि सिग्नल प्रणाली में समस्या थी। ऐसा हो सकता है कि किसी ने केबल देखे बिना कुछ खुदाई की हो।

# टूरिस्ट बस व ट्रक की भिड़न्त, आधा दर्जन यात्री घायल, एक गम्भीर

मीरापुर, 04 जून (बु.)। बीती रात्रि दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर बीआईटी पुलिस चौकी के समीप बिजनौर की ओर से तेज गति से आ रही एक टूरिस्ट बस के चालक को नींद की झपकी लगने के कारण बस अपने आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी, जिससे टूरिस्ट बस में सवार 50 यात्रियों में से करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों में चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। शनिवार को मुरादाबाद निवासी टूरिस्ट बस चालक नेत्रपाल अपनी बस में करीब पचास यात्रियों को लेकर मुरादाबाद से श्रीनगर जा रहा था। देर रात्रि करीब 2 बजे जैसे ही इनकी बस मीरापुर क्षेत्र में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर बीआईटी पुलिस चौकी के समीप पहुँची, तभी बस चालक नेत्रपाल को नींद की झपकी लग गई और तेज गति से चल रही बस अपने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। ट्रक में टक्कर लगने के बाद बस क्षतिग्रस्त हो गई तथा बस चालक नेत्रपाल व बस में सवार मुरादाबाद निवासी जैबुद्दीन, बुशरा, रेशमा, मौ. जफी, शबीना व कमरूदीन घायल हो गए तथा बस में सवार अन्य लोगों को गुम चोटें लगी। इस दौरान बस में चीख पुकार मच गई। सूचना पर मीरापुर इंस्पेक्टर रवेन्द्र यादव व बीआईटी चौकी इंचार्ज राहुल कुमार मौके पर पहुँच गए और घायलों को उपचार के लिए मीरापुर के एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हुए चालक नेत्रपाल को एम्बुलेंस से सीएचसी जानसठ भिजवाया जहाँ से चिकित्सकों ने उसे गम्भीर हालत में मेरठ रैफर कर दिया।


मीरापुर में सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुई बस

# अयोध्या के स्कूल में छात्रा की मौत : एक किशोर हिरासत में

**अयोध्या, 4 जून (एजेंसी)।** सनबीम स्कूल में हुई छात्रा की मौत मामले की जांच में एसआईटी तह तक पहुंच गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही घटना का खुलासा होगा। सूत्रों के अनुसार घटना में नामजद आरोपियों की भूमिका भी स्पष्ट हो चुकी है। उन पर पहले से दर्ज केस में कुछ धाराएं हट सकती है तो कुछ बढ़ सकती हैं। प्राप्त तथ्यों व सबूतों के आधार पर पुलिस स्कूल प्रबंधन को क्लीन चिट देने के लिए तैयार नहीं है। फिलहाल पुलिस की हिरासत में एक किशोर भी है। वह भी घटना में आरोपी बताया जा रहा है। छात्रा की मौत के मामले की तह तक पहुंच चुकी एसआईटी अब तथ्यों व सबूतों की कड़ियां जोड़ रही है। सूत्र बताते हैं कि जांच में मिले साक्ष्यों को एसआईटी ने मृतका के परिजनों से भी साझा किया है। नामजद स्कूल प्रधानाचार्य रश्मि भाटिया, प्रबंधक बृजेश यादव व खेल अध्यापक अभिषेक कनौजिया को एसआईटी की जांच में क्लीन चिट मिलने की संभावना नहीं बताई जा रही है। तथ्यों के आधार पर इनकी भूमिका भी तय हो गई है। हालांकि इन पर पहले से दर्ज केस में कुछ धाराएं हटाई जा सकती है लेकिन अन्य धाराएं बढ़ने के भी संकेत मिल रहे हैं। घटना में तीन नामजद आरोपियों के अलावा एक और आरोपी की भूमिका भी तय कर ली गई है। सूत्रों के अनुसार घटना में इसकी प्रमुख भूमिका मानी जा रही है। आरोपी किशोर बताया जा रहा। वह स्कूल के एक कर्मचारी का संबंधी है।

# काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह बनेगा माता मनसा देवी मंदिर

**पंचकूला, 4 जून (एजेंसी)।** पंचकूला के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री माता मनसा देवी मंदिर को काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीबीआरआई) रुड़की ने इसका खाका तैयार किया है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में अधिकारियों और सीबीआरआई के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और जल्द निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए। दो माह के भीतर टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों और सीबीआरआई के प्रतिनिधियों को श्री माता मनसा देवी श्राइन स्थल के जीर्णोद्धार और मास्टर प्लान के त्वरित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने भी अपनी प्रस्तुति भी दी। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि योजना के अनुसार काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर श्री माता मनसा देवी मंदिर को विकसित किया जाएगा। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता और पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पंचकूला के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी, पंचकूला की उपायुक्त प्रियंका सोनी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री मनोहरलाल को बताया गया कि मास्टर प्लान के मसौदे में मंदिर को भव्य रूप देने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। मुख्य मंदिर तक पहुंचने के लिए शक्ति द्वार से मुख्य मंदिर तक शक्ति कॉरिडोर बनाया जाएगा और इस मार्ग का नाम शक्ति पथ रखा जाएगा। ड्राफ्ट प्लान में श्राइन स्थल पर भव्य हनुमान वाटिका भी बनाने का प्रस्ताव है। यहां पर हनुमान जी की 108 फुट ऊंची मूर्ति (बैठी हुई मुद्रा में) बनाई जाएगी। यह मूर्ति इतनी विशाल होगी कि एक किलोमीटर दूर से भी आसानी से दर्शन किए जा सकेंगे। इसके अलावा प्रस्तावित योजना में उपासना स्थल, नारायण सेवा स्थल, नित्य पार्क, तिकोना पार्क का निर्माण भी शामिल है। श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों के लिए ओपन एयर थियेटर में लेजर शो शुरू करने का भी प्रस्ताव है। ड्राफ्ट प्लान में शक्ति चौक बनाने का प्रावधान भी किया गया है। श्री माता मनसा देवी श्राइन स्थल के जीर्णोद्धार को चरणबद्ध तरीके से तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार का उद्देश्य इस क्षेत्र में हैरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, इस स्थल के एक हिस्से को व्यावसायिक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां अलग से शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा। मल्टीलेवल पार्किंग और बस स्टॉप का भी निर्माण किया जाएगा। वाहनों और पैदल चलने वालों के लिए अलग रास्ते का निर्माण भी शामिल है। ओपन एयर थिएटर में लगभग 500 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।

# आश्रम में घुसकर दत्तक पुत्र को दी खाली करने की धमकी

**भोपा, 04 जून (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित महाशक्ति सिद्धपीठ की संचालिका परम योगिनी मां राजनंदेश्वरी की षोड़सी 11 जून को आश्रम में होगी। वहीं, संरक्षक योगीराज प्रकाशानंद महाराज ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि आश्रम में घुसकर कुछ लोगों के द्वारा दत्तक पुत्र को आश्रम खाली करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही राजनंदेश्वरी की षोड़सी पर भी अपराधिक घटना को अंजाम देने का खतरा बताया है। संरक्षक योगीराज प्रकाशानंद महाराज ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि उसने योगिनी राजनंदेश्वरी के साथ मिलकर शुकतीर्थ में करीब 18 बीघा जमीन खरीदी थी, जिसमें करोड़ों की लागत से महाशक्ति सिद्धपीठ आश्रम की स्थापना की। बीते पांच मार्च 1994 को चार वर्ष के बालक चन्द्रमा ब्रहमचारी को गोद लिया था, जिसका गोदनामा उप निबन्धक कार्यालय तहसील जानसठ में बीते 27 जुलाई 2019 को पंजीकृत कराया था। आश्रम की देखरेख, साफ-सफाई व पूजा पाठ व खाना बनाने हेतु लगभग 15 व्यक्तियों को भी उनकी सहमति से आश्रम में रखा हुआ है। बीते 27 मई को राजनंदेश्वरी का आकस्मिक निधन हो गया था। आश्रम की समस्त चल व अचल सम्पत्ति प्रकाशानन्द महाराज व उनके दत्तक पुत्र चन्द्रमा ब्रहमचारी के नाम है। आरोप है कि बीते एक जून की दोपहर दर्जनों अज्ञात व्यक्ति जबरदस्ती अपनी-अपनी कारों से आश्रम में अन्दर घुस गए तथा दत्तक पुत्र चन्द्रमा ब्रहमचारी को आश्रम खाली करने की धमकी दी है। आरोपी 11 जून को राजनंदेश्वरी की षोडसी में बखेड़ा कर किसी अपराधिक घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित ने मुख्यमंत्री के अलावा एसएसपी, आईजी, डीआईजी को भी पत्र भेजा है।

# सादे व्यक्तित्व के धनी जयपाल सिंह को याद करने जुटे हर वर्ग के प्रमुख चेहरे

**▸ प्रदेशाध्यक्ष के अलावा तमाम मंत्री, विधायक और पदाधिकारी रहे मौजूद**

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी जयपाल सिंह की शोक सभा में भाजपा व तमाम राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और अन्य संगठनों के तमाम लोगों ने सादगी भरे व्यक्तित्व के धनी जयपाल सिंह का स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। जानसठ रोड पर लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान, कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल, राज्य मंत्री जसवंत सैनी, सांसद डॉ कल्पना सैनी, एमएलसी सत्यपाल सैनी समेत तमाम भाजपा पदाधिकारियों व नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि वे सादा जीवन उच्च विचार के धनी थे। संघ और भाजपा को विस्तार देने में जयपाल सिंह के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ संजीव बालियान ने कहा कि उन्होंने चार दशक से अधिक समय तक भाजपा के मार्गदर्शक के रूप में काम किया। उनके जाने से यहां सभी की क्षति हुई है। राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि जयपाल सिंह के साथ संघ में लंबे समय तक काम करने का मौका मिला। वह पथ प्रदर्शक रहे हैं। उनकी कमी पूरी नहीं हो पाएगी। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि उनके कार्य संघ और भाजपा को ताकत दे रहे हैं। उत्तराखंड से भाजपा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने कहा कि संघ परिवार में कार्य करके अपनी संगठनात्मक शक्ति से इस परिवार को बढ़ाने का काम किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने कहा कि उनकी कार्यशैली के सभी मुरीद रहे हैं। आज भाजपा और संघ की मजबूती का आधार रखने में उनकी बड़ी भूमिका रही। प्रदेश के पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि सादगी पूर्ण जीवन के साथ उनकी विद्वता का सब लोहा मानते थे। उनका स्नेह आम कार्यकर्ता को हमेशा मिलता रहा। एमएलसी सत्यपाल सैनी ने कहा कि जयपाल सिंह ने संघ की विचारधारा को आम आदमी तक पहुंचाया। भाजपा के पश्चित क्षेत्र अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सहारनपुर भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी, बेहट के पूर्व विधायक नरेश सैनी, फलावदा के चेयरमैन अशोक सैनी, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, प्रमोद उटवाल, उमेश मलिक, अशोक कंसल, विक्रम सैनी, प्रदीप बालियान, सुधीर बालियान, मिथेलश पाल, सपना कश्यप, सूर्यप्रकाश पाल, भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य एवं बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र देव शर्मा, सुधीर सैनी, रामकुमार सहरावत, पूर्व चेयरमैन डॉ सुभाषचंद शर्मा, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, व्यापारी नेता राहुल गोयल, सपा नेता प्रमोद त्यागी, सतेंद्र सैनी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश साई, ब्लाक प्रमुख शाहपुर अरविंद त्यागी, चरथावल ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर, ब्लाक प्रमुख पुरकाजी मालती रानी, धन प्रकाश, भाजपा नेता श्री मोहन तायल शरद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद राज शर्मा, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री विनीत कादयान, शाहपुर के वरिष्ठ नेता रामपाल भाई जी, भाजपा नेता सचिन त्यागी, आईआईए के अध्यक्ष विपुल भटनागर, नरेंद्र सैनी, राकेश शर्मा, तेगबहादुर सैनी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन कांति राठी ने किया। उनके पुत्र भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेंद्र सैनी ने श्रद्धांजलि सभा में आए सभी लोगों का आभार जताया। श्रद्धांजलि सभा में प्रांत संघचालक प्रेम, प्रांतीय कार्यवाह फूलचंद, अखिल भारतीय सह संयोजक पर्यावरण राकेश जैन, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य मणिराम, जिला संघ चालक सुरेंद्र सिंह, विभाग संघ चालक डॉ हरजीत सिंह आर्य, बौद्धिक प्रमुख ब्रिजेश, जिला कार्यवाह संजय , हरियाणा से अजय सिंघल, राकेश कांबोज, ज्ञानचंद सिंघल ने श्रद्धांजलि अर्पित की।






लाला जगदीश प्रसाद इण्टर कॉलेज में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी जयपाल सैनी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, डॉ. संजीव बालियान, कपिल देव अग्रवाल व अन्य

## विधायक चंदन चौहान बने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की बोर्ड कमेटी में सदस्य



**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)।** मीरापुर विधानसभा से राष्ट्रीय लोकदल के विधायक चंदन चौहान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय जनपद मेरठ की बोर्ड कमेटी में सदस्य नियुक्त किए गए हैं। इस आशय का पत्र उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय की संसदीय अनुभाग द्वारा जारी किया गया है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय जनपद मेरठ में सदस्य नामित होने पर विधायक चंदन चौहान ने कहा है कि जहां-जहां चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय मौजूद हैं वहां तक छात्रों की समस्याएं और उनके उज्जवल भविष्य के लिए तथा उनके पाठ्यक्रम हेतु के लिए उनकी आवाज को उठाने का कार्य करेंगे और छात्रों के हित के लिए आवाज उठाएंगे।

# ट्रेन हादसे की यह वजह आई नजर में

## ओडिशा ट्रेन हादसे के बाद फिर रेल सेफ्टी पर बढ़ेगा फोकस

**नई दिल्ली ।** ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण रेल हादसे में 288 लोगों की मौत के बाद रेल सुरक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में रेलवे का कायाकल्प करने की तैयारी चल रही है, जिसके तहत नई ट्रेनें और आधुनिक स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है लेकिन ओडिशा हादसे के बाद माना जा रहा है कि फिर से रेल सुरक्षा को प्राथमिकता में रखा जा सकता है। इस पूरे मामले को 10 पॉइंट में समझा जा सकता है।

प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि कोरोमंडल एक्सप्रेस को अप मेनलाइन का सिग्नल दिया गया और उतार दिया गया। इससे ट्रेन लूप लाइन में घुस गई और मालगाड़ी से टकरा गई। इससे कोरोमंडल एक्सप्रेस की बोगियां मेन ट्रैक पर गिरीं और दूसरी तरफ से आ रही बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, ट्रैक पर पड़ी बोगियों से टकरा गई। इससे साफ है कि यह हादसा कहीं ना कहीं सुरक्षा में चूक से जुड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स में




कई विशेषज्ञों के बयान चल रहे हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि हाल के सालों में रेल सुरक्षा काफी बेहतर हुई है लेकिन अभी इस दिशा में और बहुत कुछ किया जाना बाकी है। ओडिशा हादसा, रेलवे को पूरी तरह से बदलने की सरकार की योजना के लिए बड़ा झटका है। पूर्वी तट के जिस रूट पर यह ट्रेन हादसा हुआ, वह देश का सबसे पुराना और सबसे व्यस्त रूट है। कोयले और तेल की ढुलाई के लिए मालगाड़ियों का भी इस रूट पर काफी संचालन होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रैक काफी पुराने हो गए हैं और उन पर काफी दबाव भी है अगर मरम्मत का काम सही ढंग से नहीं होगा तो इस तरह के हादसों का डर बना रहेगा। भारतीय रेलवे में रेल सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं लेकिन उन्हें लागू करने की रफ्तार बहुत धीमी है। ओडिशा हादसे के बाद उम्मीद की जा रही है कि इस काम में तेजी आएगी।

## घर में घुसकर आधा दर्जन लोगों ने बोला हमला, एक घायल

**कांधला, 04 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में जबरन घर में घुसकर व्यक्ति के साथ लाठी-डंडों व धारदार हथियार से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी। कस्बा एलम प्रेमनगर निवासी मुकेश ने न्यायालय के आदेश पर स्थानीय थाने में अभियोग पंजीकृत कराते हुए बताया कि पड़ोस का जयवीर पीड़ित व्यक्ति घर परिवार के साथ रंजिश रखता है। कई दिन पूर्व पीड़ित व्यक्ति अपने घर में अकेला था। इसी दौरान जयवीर पक्ष ने आधा दर्जन लोगों के साथ जबरन घर में घुसते हुए लाठी-डंडों में धारदार हथियार से जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनने के पश्चात आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मुकेश की जान बचाई। घायल ने अपना उपचार कराने के पश्चात पुलिस को मामले की सूचना दी थी। स्थानीय पुलिस ने न्यायालय शामली के आदेश पर हमलावर जयवीर, विनीत, सावन, सन्नी सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

## लूट की वारदात करने वाले शातिर को दबोचा, साथी फरार

मुजफ्फरनगर, 04 जून (बु.)। सिविल लाइन पुलिस ने कथित मुठभेड़ में लूट में वांछित चल रहे एक बदमाश को बाइक, नकदी व शस्त्रों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के दो साथी मौके से फरार हो गये। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली थी कि रूड़की रोड पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश कच्ची सड़क की ओर आ रहे है इस सूचना पर पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। जिस पर बदमाश पुलिस पर फायर करते हुए मौके से भागने लगे। पुलिस ने एक कथित बदमाश अनुज कुमार पुण्डीर पुत्र राजेंद्र सिंह पुण्डीर निवासी आदर्श कालोनी को बुलट बाइक, नकदी और तमंचा व कारतूसों के साथ दबोच लिया। पकडे गये अनुज ने पुलिस को बताया कि उसने उक्त बाइक अपने साथी राशिद त्यागी व मोनू मलिक के साथ मिलकर रूड़की रोड पर लूटी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है और फरार अपराधियों की भागदौड़ में तलाश शुरू कर दी है।

# मां ने चार बच्चों की ड्रम में बंद कर की हत्या, फिर खुद लगाई फांसी



**बाड़मेर, 4 जून (एजेंसी)।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक मां ने चार बच्चों की हत्या कर खुद भी फांसी लगा ली। महिला ने बच्चों को अनाज भरने वाले ड्रम में बंद कर दिया, जिससे दम घुटने से उनकी मौत हो गई। इसके बाद महिला ने फांसी के फंदे पर लटकर आत्महत्या कर दी। मृतका चार-महीने की गर्भवती भी है। बताया जा रहा है कि मृतका का उसके पति से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी के चलते उसने इस तरह का खौफनाक कदम उठा लिया। विवाहिता के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए हत्या का केस दर्ज करवाया है। दरअसल, घटना बाड़मेर जिले के मंडली थाना क्षेत्र के मनियावास गांव की है। यहां 27 साल की उर्मिला पत्नी जेठाराम अपने चार बच्चों भावना (8), विक्रम (5), विमला (3) और मनीषा (2) रहती थी। शनिवार सुबह उर्मिला का पति काम पर चला गया था। दोपहर तक उसके जेठाराम की पत्नी उर्मिला और उसके बच्चों को बाहर खेलते हुए देखा था, लेकिन शाम को ना तो उर्मिला दिखाई दी और ना ही उसके बच्चे दिखाई दिए। लोगों ने घर में तलाश करना शुरू किया तो अनाज के खाली ड्रम से चारों बच्चों के शव बरामद हुए। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मृतका का पति जेठाराम सुबह काम पर गया तो उर्मिला ने उसे खाना खिलाकर भेजा था। मंडली थानाधिकारी कमलेश गहलोत ने बताया कि पति पत्नी दोनों के बीच में अनबन की बात सामने आई है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो महिला के गले में फंदा लगा हुआ था और शव झोपड़े के आंगन में रखा हुआ था। पुलिस ने बताया कि बच्चों के शव घर में रखे अनाज के खाली ड्रम से बरामद किए गए हैं। एक साथ पांच लोगों की हुई मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## 'क्या वंदे भारत के इंजन ट्रेनों के लिए फिट हैं?' ममता के केंद्र से सवाल

**कोलकाता, 4 जून (एजेंसी)। ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण ट्रेन हादसे के साथ ही मौत के आंकड़ों पर जारी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घटनास्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने हादसे में पांच सौ से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका जताई। हालांकि, वैष्णव तुरंत आपत्ति जताई और कहा कि यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। एक दिन बाद बनर्जी ने फिर मृतकों की संख्या के मुद्दे पर सरकार पर हमला किया। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, जो (भाजपा नीत केंद्र सरकार) इतिहास बदल सकते हैं, वे किसी भी संख्या को बदल सकते हैं। लोगों के साथ खड़े होने के बजाय वे मुझे, नीतीश जी, लालू जी को अपशब्द कह रहे हैं... गोधरा (2002 में) में चलती ट्रेन में आग कैसे लग गई ?... इतने सारे लोग मारे गए, उन्हें कम से कम माफी मांगनी चाहिए थी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी सवाल किया कि बालासोर रेल हादसे के बाद क्या वंदे भारत एक्सप्रेस के इंजन ऐसी ट्रेनों के लिए फिट हैं?**

## धोखाधड़ी कर प्लाट बेचने का लगाया आरोप

**मुजफ्फरनगर, 04 जून (बु.)। सीआरपीएफ से रिटायर जवान की पत्नी ने छह लोगों पर धोखाधड़ी व जालसाजी कर उसका प्लाट किसी ओर को बेचने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। सुभाषनगर सरवट निवासी विमला देवी पत्नी जितेंद्र मलिक ने पुलिस में दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में बताया कि उसके पति सीआरपीएफ में तैनात थे और 25 वर्षो तक उन्होंने देश की सेवा की। पीड़िता ने बताया कि उसने एक प्लाट खरीदा था। कूकड़ा निवासी सचिन आदि छह लोगों ने धोखाधड़ी व जालसाजी करते हुए उसका प्लाट किसी और को बेच दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।**

## मस्जिद के बाहर से बाइक चोरी

**मुजफ्फरनगर, 04 जून (बु.)। मस्जिद में नमाज पढ़ने गये युवक की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है। मोहल्ला मदीना कालोनी निवासी रहीसुद्दीन पुत्र मौ. हनीफ ने पुलिस में दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में बताया कि रहमत गार्डन के पास स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए गया था। जहां से अज्ञात बदमाश उसकी बाइक चोरी कर ले गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।**

# महिला पहलवानों को इंसाफ जरूर मिलेगाः भूपेंद्र चौधरी

**मुजफ्फरनगर, 4 जून (बु.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि महिला पहलवानों को इंसाफ मिलेगा। यह एक संवेदनशील मुद्दा है। जिस पर धैर्य बनाए रखना जरूरी है। केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी। उन्होंने पंचायतो की चर्चा करते हुए**

**▸ बोले: पंचायत करना व अपनी बात कहना लोकतांत्रिक अधिकार**

**कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। लोकसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में उनकी पार्टी की जीत हुई है। मेयर की सभी सीट पर उनके प्रत्याशी जीते हैं। रविवार को लाला जगदीश प्रसाद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि संघ और संगठन की मजबूती में स्वर्गीय जयपाल सिंह का बड़ा योगदान रहा है। महिला पहलवानों के मामले में सरकार की एजेंसियां जांच कर रही हैं। सरकार उनको इंसाफ दिलाना चाहती है, लेकिन इसके लिए जांच प्रक्रिया चल रही है, सभी को धैर्य रखने की आवश्यकता है। भाजपा के खिलाफ खाप पंचायतों के दौर पर उन्होंने कहा कि यहां लोकतंत्र है, सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। यह एक संवेदनशील मुद्दा है। जिस पर केंद्र सरकार गंभीरता से आगे बढ़ रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने निकाय चुनाव में मुजफ्फरनगर की 9 निकाय सीटों पर हार के सवाल पर कहा कि प्रदेश भर में भाजपा सर्वाधिक सीटों पर जीती है। उन्होंने मेयर की सभी सीटों पर जीत दर्ज कराने की बात कहते हुए कहा कि प्रदेश की जनता उनके साथ है। कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में कार्यकताओं की मेहनत के कारण निकाय चुनाव में प्रदेश की जनता ने वोट के रूप में अपना पूरा समर्थन भाजपा को दिया है। पहली बार कोई पार्टी प्रदेश की सभी नगर निगमों को जीती है। इसके साथ ही आधे से ज्यादा नगर पालिका और 40 प्रतिशत से ज्यादा नगर पंचायतों में भाजपा को जीत मिली है। यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। हम देश प्रदेश के विकास के लिए संकल्पित हैं और नगर निकाय चुनाव में शहरी विकास के लिए जनता से जो वादा किया गया है, वो सभी पूरे होंगे।उन्होंने कहा कि प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। देश की जनता भाजपा के समर्थन में है। लोकसभा चुनाव में भी पार्टी प्रदेश में सभी सीटों पर जीत दर्ज कराएगी।**

## यह कवच नहीं कपट है: अखिलेश यादव

**आजमगढ़।** यह ट्रिपल इंजन की सरकार की बात करते हैं लेकिन वहां तीन ट्रेन आपस में लड़ गईं। इसकी जवाबदेही कौन देगा। इन लोगों ने तमाम नए उपकरण बनाए थे ताकि ट्रेन हादसे ना हो। यह कहा गया था कि सुरक्षा कवच बनाया गया है जिससे सिग्नल मिल जाएगा और अगर कोई ट्रेन आसपास होगी तो दूसरी ट्रेन अपने आप रुक जाएगी। लेकिन यह सिग्नल काम नहीं आया या कवच काम नहीं आया। साफ है कि जनता के साथ कपट किया गया है। उक्त बातें रविवार को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आजमगढ़ जिले के सुराई गांव में मुबारकपुर से सपा विधायक अखिलेश यादव के आवास पर मीडिया से कहीं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से अलग-अलग मिले हैं। बातचीत में यह तय हुआ है कि सभी क्षेत्रीय दल अपने-अपने क्षेत्रों में लोकसभा के चुनाव मजबूती के साथ लड़ेंगे और जो जितनी सीट लेकर आएगा वह अन्य दलों के साथ मिलकर एक होकर विपक्षी एकता बनाएंगे।

# यमुना में डूबे बालक का नहीं लगा सुराग


कैराना में यमुना किनारे पर मौजूद गमजदा परिजन।

**कैराना, 04 जून (बु.)।** यमुना नदी में डूबे बालक का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों को बालक को शीघ्र तलाश करने के निर्देश दिए। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव नीमखेड़ी निवासी समीर का 12 वर्षीय पुत्र फैजान क्षेत्र के गांव मवी स्थित नई बस्ती में अपने चाचा के यहां आया हुआ था। शनिवार दोपहर बाद मामौर के निकट बालक यमुना नदी में ढांग गिरने से डूब गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बालक की तलाश हेतु गोताखोरों को लगाया था। रातभर गोताखोरों द्वारा बालक को यमुना नदी में तलाश किया गया, लेकिन तेज बहाव के कारण बालक का कोई सुराग नहीं लग सका। रविवार को भी दिनभर गोताखोर बालक को यमुना नदी में तलाश करते रहे। दूसरे गांवों की सीमा तक भी गोताखोर पहुंचे। लेकिन, करीब 24 घंटे बीत जाने के बाद शाम छह बजे तक भी बालक को तलाशने में सफलता नहीं मिल सकी। वहीं, तहसीलदार गौरव सांगवान ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से वार्ता की। उन्होंने गोताखोरों को बालक को शीघ्र तलाश करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य अख्लाक अहमद ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। दूसरी ओर, परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।